manufacturers Of:
PUNJAB GOLD
Brand
ATTA, MAIDA, SUJI & BRAN
SAMANA ROLLER FLOUR MILLS LTD.
Work & Regd. Office: Patiala Road
Samana- 147101, Distt- Patiala (PUNJAB)
Tel: 01764221064, 222789, 224289
Mob-09815547571

सीधी, रीवा, सिंगरौली, भोपाल, शहडोल एवं नई दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

# समय

गांधीवादी आदर्शों पर आधारित समाजवादी समाज रचना का प्रवक्ता हिन्दी दैनिक

पौष्टिक एवं शुद्ध
हाथी
ब्राण्ड आटा बेसन
Mfd by: Jugal Kishore harbans Lal
B-40/1&2, Lawrence Road, Industrial area,
Delhi-110035
Phones: 27180252, 2718583, 27180871, 27106565

वर्ष- 71 | अंक- 98 | MP/SDLDN/0002/2013-15 | सीधी, मंगलवार 9 जनवरी 2024 | संवत- 2080, पौष कृष्ण पक्ष 13 | E-mail: samayapress@gmail.com | पृष्ठ संख्या- 8 | मूल्य- 3.50 रुपए

### लाड़ली बहनों को लखपति बनाने का अभियान चलाऊंगा

# सीहोर में शिवराज बोले- ढोल-ताशे बजाएं, कोई रोकेगा तो मैं देख लूंगा

**नगर प्रतिनिधि | सीहोर**

पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने डीजे-बैंड वालों से कहा- आप ढोल बजाओ, ताशे बजाओ, आप बैंड बजाओ... कोई रोक नहीं है, कोई रोकेगा तो मैं देख लूंगा। यह बात उन्होंने शनिवार शाम सीहोर के भैरुंदा में कही। पूर्व सीएम के इस बयान के बाद बैंड-बाजा संचालकों में खुशी देखने को मिली। भैरुंदा के डीजे, बैंड और ढोल-ताशों के संचालक मप्र सरकार के कोलाहल नियंत्रण नियम को लेकर उनसे मिलने पहुंचे थे। बताया जा रहा है कि इस घटनाक्रम से ठीक एक दिन पहले



यानी शुक्रवार को बुदनी विधानसभा क्षेत्र के डीजे संचालक भोपाल स्थित 74 बंगला पूर्व सीएम शिवराज से मिलने पहुंचे थे, जहां उन्होंने सरकार के लगाए गए प्रतिबंध से रोजी-रोटी छीनने की बात कही थी। पूर्व मुख्यमंत्री ने इन्हें आश्वस्त किया था कि आपके साथ कोई अन्याय नहीं होगा। डीजे संचालकों के मुताबिक उनकी मांग के बाद पूर्व सीएम ने कलेक्टर से मोबाइल पर बात भी की थी।

### कहा- गरीब के बच्चे शानदार स्कूल में पढ़ेंगे

समर्थकों ने पूर्व मुख्यमंत्री का मंच बनाकर स्वागत भी किया गया। इस दौरान शिवराज ने कहा कि लाड़ली बहना को लखपति बनाने का अभियान में चलाऊंगा। कोई कसर नहीं छोड़ूंगा। भांजे-भांजियों की पढ़ाई के लिए शानदार सीएम राइज स्कूल बन रहा है। गरीब के बच्चे भी शानदार स्कूल में पढ़ेंगे, चिंता मत करना।

### रोड स्वीपिंग व स्काई लिफ्ट मशीन को हरी झंडी दिखाई

शिवराज नगर परिषद भैरुंदा द्वारा आयोजित स्वागत कार्यक्रम में शामिल हुए। यहां करीब 85 लाख के रोड स्वीपिंग मशीन व स्काई लिफ्ट मशीन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। एक चिकन शॉप संचालक भी शिवराज के पास आवेदन लेकर पहुंचा। उसने कहा, साहब हमें एकदम बंद कर दिया गया है, जहां भी अनुमति के लिए जा रहे हैं, कोई सुन नहीं रहा। इस पर शिवराज ने कहा, मैं इस बारे में भी बात करूंगा।

### बिलकिस गैंगरेप, 11 दोषी फिर जेल जाएंगे

# सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर बिलकिस बोलीं- सीने से बोझ उतरा; आज मेरा नया साल शुरू हुआ

**एजेंसी | अहमदाबाद**

गुजरात में 2002 दंगों के दौरान बिलकिस बानो गैंगरेप के 11 दोषियों को समय से पहले जेल से रिहा करने के राज्य सरकार के फैसले को सोमवार को सुप्रीम कोर्ट ने रद्द कर दिया। फैसले के बाद बिलकिस के घर पर पटाखे फोड़े गए। बिलकिस बानो ने सुप्रीम कोर्ट का शुक्रिया अदा किया। उन्होंने कहा कि असल में आज मेरे लिए नया साल शुरू हुआ है। मेरी आंखें राहत के आंसुओं से भीग गई हैं। पिछले डेढ़ साल में आज पहली बार मेरे चेहरे पर मुस्कान आई है। मैंने अपने बच्चों को गले लगाया और मुझे ऐसा लग रहा है कि मेरे सीने से पहाड़ जितना बड़ा पत्थर आज



उतर गया। अब मैं सांस ले पा रही हूं। यही न्याय का अहसास है।

इससे पहले फैसला सुनाते वक्त जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस उज्जल भुइयां की बेंच ने कहा- सजा अपराध रोकने के लिए दी जाती है। पीड़ित की तकलीफ की भी चिंता करनी होगी। बेंच ने कहा कि गुजरात सरकार को रिहाई का फैसला लेने का कोई अधिकार नहीं है। उसने अपनी सत्ता और ताकत का दुरुपयोग किया है।

वह दोषियों को कैसे माफ कर सकती है। सुनवाई महाराष्ट्र में हुई है तो रिहाई पर फैसला भी वहीं की सरकार करेगी। जिस राज्य में अपराधी पर मुकदमा चलाया जाता है और सजा सुनाई जाती है, उसी को दोषियों की माफी याचिका पर फैसला लेने का अधिकार है।

### बिलकिस के दोषियों के खिलाफ 30 नवंबर को दाखिल की गई थी याचिका

बिलकिस के 11 दोषियों की रिहाई के खिलाफ 30 नवंबर 2022 को सुप्रीम कोर्ट में दो याचिकाएं दाखिल की गई थीं। पहली याचिका में 11 दोषियों की रिहाई को चुनौती देते हुए उन्हें तुरंत वापस जेल भेजने की मांग की गई थी। दूसरी याचिका में सुप्रीम कोर्ट के मई में दिए आदेश पर विचार करने की मांग की गई थी। कोर्ट ने कहा था कि दोषियों की रिहाई पर फैसला गुजरात सरकार करेगी। बिलकिस ने कहा कि जब केस का ट्रायल महाराष्ट्र में चला था, फिर गुजरात सरकार फैसला कैसे ले सकती है? केस के सभी 11 दोषी आजादी के अमृत महोत्सव के तहत रिहा कर दिए गए थे।

## संक्षिप्त खबरें

### सलमान के फार्म हाउस में घुसने की कोशिश, दो लोगों को अरेस्ट किया

**मुंबई एजेंसी।** सलमान खान के फार्म हाउस में 2 अनजान लोगों ने जबरन घुसने की कोशिश की है। दोनों को पुलिस के हवाले कर दिया गया है। पूछताछ में पता चला कि वो दोनों शख्स खुद को सलमान खान का फैन बता रहे हैं। उनके पास से फर्जी आधार कार्ड बरामद हुए हैं। इस वजह से दोनों पर एफआईआर भी दर्ज की गई है। सलमान खान लॉरेंस गैंग के निशाने पर हैं। सलमान खान का फार्म हाउस नवी मुंबई के पनवेल में है। 4 जनवरी की शाम 4 बजे 2 अनजान लोगों ने एक्टर के फार्म हाउस में जबरन घुसने की कोशिश की। बताया जा रहा है कि वो दोनों शख्स फेंसिंग के तार तोड़कर अंदर जाने की कोशिश कर रहे थे। फार्म हाउस में दो संदिग्ध लोगों को देखकर वहां मौजूद सिक्योरिटी गार्ड ने उन्हें तुरंत रोका। इसके बाद फार्म हाउस के मैनेजर को भी बुलाया गया।

### शीतलहर के चलते स्कूलों का समय बदला

**भोपाल नप्र।** मध्यप्रदेश में शीतलहर को देखते हुए स्कूलों के समय में बदलाव हुआ है। अब 20 जनवरी तक स्कूल सुबह 10 बजे से ही संचालित होंगे। स्कूल शिक्षा विभाग ने शासकीय और अशासकीय स्कूलों के लिए इस संबंध में आदेश जारी कर दिया है। यह आदेश तत्काल प्रभाव से प्रभावशील होगा।

### शाजापुर में राम-श्याम फेरी के दौरान पथराव; पुलिस बल तैनात

शाजापुर में राम-श्याम फेरी में पथराव हो गया। घटना सोमवार शाम करीब साढ़े 8 बजे की है। पथराव के बाद भगदड़ जैसे हालात बन गए। इस दौरान कुछ लोग घायल हो गए। जानकारी मिलते ही मौके पर भारी संख्या में पुलिस बल पहुंच गया। राम-श्याम फेरी सोमवार शाम साढ़े 7 बजे कांचीवाड़ा चौक से शुरू हुई थी। तभी रास्ते में कुछ उपद्रवियों ने पथराव कर दिया।

### मुख्यमंत्री डॉ यादव ने की कानून व्यवस्था के संबंध में भोपाल संभाग की समीक्षा

# सघन क्षेत्रों में फायर ब्रिगेड और एम्बुलेंस का आवागमन सुगम हो

## मुख्यमंत्री बोले- जुलूसों का संचालन देर रात तक न हो

**नगर प्रतिनिधि | भोपाल**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि भोपाल में जोन और थानों की सीमाओं के प्रस्तावित युक्तियुक्तकरण का कार्य जनप्रतिनिधियों की सहमति से किया जाए। ऐसी व्यवस्था करें कि किसी भी जुलूस का संचालन देर रात तक न हो, आयोजन निश्चित समय सीमा में पूर्ण हों। इसके लिए शांति समितियों के साथ पहले से ही बैठक कर कार्य योजना बनाकर उसका क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए। सघन बस्तियों से त्योहारों के समय निकलने वाले जुलूसों में जिन क्षेत्रों में अपराध, हिंसा, अव्यवस्था की संभावना रहती है, उन क्षेत्रों का विकास पुलिस तथा नगरीय निकाय सहित अन्य ऐजेंसियों के साथ मिलकर समन्वित रूप से किया जाए। उद्देश्य यह हो कि इन क्षेत्रों में कानून व्यवस्था की स्थिति



बनाए रखने के साथ-साथ एम्बुलेंस, फायर ब्रिगेड आदि का आवागमन भी सुगम हो सके। मुख्यमंत्री डॉ यादव आज कुशाभाऊ ठाकरे हॉल में भोपाल संभाग की कानून व्यवस्था की समीक्षा कर रहे थे। बैठक में राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा, खेल एवं युवा कल्याण, सहकारिता मंत्री श्री विश्वास सारंग, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री कृष्णा गौर उपस्थित थीं। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि अपराध और ठगी के सामने आ रहे नए तरीकों पर नियंत्रण करने और इस संबंध में लोगों को जागरूक करने के लिए विशेष कार्रवाई की जाए। उच्चाधिकारी इस पर भी नजर रखें कि थानों में बेकसूर लोगों को न फंसाया जाए और झूठी कार्यवाईयाँ न हों। निर्दोष लोगों को फंसाने वाले अधिकारी कर्मचारी के विरूध कठोर कार्रवाई की जाएगी। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि थानों में जब्त की गई सामग्री को उसके वास्तविक स्वरूप में ही रखा जाए, सामग्री से किसी भी प्रकार की छेड़-छाड़ न की जाए। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि थाना प्रभारी उनके क्षेत्र में रहने वाले संभ्रांत लोगों से भी संबंध और सम्पर्क बनाएं।

### डीजे संचालन में लगे युवाओं के पुनर्वास की व्यवस्था की जाए

मुख्यमंत्री डॉ यादव ने धार्मिक स्थलों एवं अन्य स्थानों में ध्वनि विस्तारक यंत्रों के अनियंत्रित व नियम विरूद्ध प्रयोग पर कार्रवाई की समीक्षा करते हुए कहा कि डीजे संचालन में लगे युवाओं के पुनर्वास के लिए विश्वकर्मा योजना सहित नगरीय निकायों के साथ मिलकर रोजगार की अन्य योजनाएं संचालित करने के लिए कार्ययोजना बनाई जाए। डॉ यादव ने कहा कि शादी विवाह तथा अन्य अवसरों पर बैंड बाजा व शहनाई का उपयोग हमारी परम्परा है। इसे प्रोत्साहित करने के लिए आवश्यक प्रशिक्षण तथा अन्य नवाचार किए जाएं।

### जेलों का भी औचक निरीक्षण करें कलेक्टर्स

मुख्यमंत्री ने जिला कलेक्टर्स को जेलों का औचक निरीक्षण करने के निर्देश दिए, साथ ही प्रदेश के सभी जेलों में बंदियों की स्थिति का विश्लेषण कर 15 दिन में रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए भी निर्देशित किया गया। डॉ यादव ने कहा कि कैदियों के पुनर्वास के लिए उन्हें जेलों में विभिन्न कौशल संबंधी व्यवसायिक प्रशिक्षण उपलब्ध कराने की प्रभावी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। जेलों में बंद गलत फंसाए गए लोगों को आवश्यक विधिक सहायता उपलब्ध कराई जाए।

### कांग्रेस प्रत्याशी ने 11 हजार वोटों से हराया

# राजस्थान में मंत्री सुरेंद्र पाल विधानसभा चुनाव हारे



**एजेंसी | श्रीगंगानगर**

राजस्थान में विधायक चुने जाने से पहले मंत्री बनाए गए सुरेंद्र पाल सिंह टीटी चुनाव हार गए हैं। श्रीकरणपुर विधानसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी और राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) सुरेंद्र पाल सिंह टीटी को कांग्रेस के रुपिंदर सिंह कुन्नर ने 11 हजार 261 वोटों से हरा दिया है। यह नतीजे सोमवार को आए। गौरतलब है कि सुरेंद्र पाल सिंह टीटी को विधायक बनने से पहले ही भाजपा ने सरकार में राज्य मंत्री बना दिया था। राजस्थान में ऐसा पहली बार हुआ है, जब विधायक बनने से पहले मंत्री बने नेता चुनाव हार गए हों। नवंबर में हुए राजस्थान के विधानसभा चुनाव में श्रीकरणपुर सीट पर चुनाव कांग्रेस प्रत्याशी के निधन के कारण टाल दिया गया था। जीत के बाद रुपिंदर कुन्नर भावुक हो गए। उन्होंने पिता गुरमीत की तस्वीर के आगे मत्था टेका तो रो पड़े। उन्होंने कहा कि यह चुनाव सरदार गुरमीत सिंह कुन्नर ही लड़ रहे थे।

इधर, पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने रुपिंदर सिंह कुन्नर को जीत की बधाई देते हुए कहा कि यह जनादेश भाजपा की तानाशाही पर तमाचा है। वहीं, भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी ने कहा कि हार के कारणों की समीक्षा करेंगे। कुन्नर को 94761 और टीटी को 83500 वोट मिले।

# विधानसभा सदस्यों का दो दिवसीय प्रबोधन कार्यक्रम आज से



**नगर प्रतिनिधि | भोपाल**

मध्यप्रदेश की 16 वीं विधानसभा के सदस्यों के लिए दो दिवसीय प्रबोधन कार्यक्रम 9 एवं 10 जनवरी 24 को मध्यप्रदेश विधानसभा भवन के मानसरोवर सभागार में आयोजित किया जाएगा। प्रबोधन कार्यक्रम में विधानसभा के पहली बार निर्वाचित एवं अनुभवी सदस्यों को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला,मप्र विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर, उत्तरप्रदेश विधानसभा विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना,डॉ. सत्यपाल सिंह, अध्यक्ष लाभ के पदों संबंधी संयुक्त समिति लोकसभा सहित संसदीय प्रक्रियाओं के कई विद्वतजनों का मार्गदर्शन मिलेगा। सोमवार को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं संसदीय कार्य मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय ने विधानसभा अध्यक्ष श्री नरेंद्र सिहं तोमर से विधानसभा में भेंट कर कार्यक्रम की तैयारियों के संबंध में चर्चा की।

उद्घाटन सत्र 9 जनवरी को प्रात: 11 बजे मानसरोवर सभागार में आयोजित किया जाएगा। इस सत्र में लोकसभा स्पीकर ओम बिरला, मप्र विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर, उत्तरप्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष सतीश महाना, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार भी अपने विचार रखेंगे। सत्र के प्रारंभ में लोकसभा महासचिव श्री उत्पल कुमार सिंह का संबोधन होगा। संसदीय कार्य मंत्री कैलाश विजयवर्गीय आभार उद्बोधन देंगे।

# पांच साल बाद अग्निवीर हो जाएंगे बेरोजगार: वरूण गांधी

**एजेंसी | नई दिल्ली**

यूपी की पीलीभीत सीट से बीजेपी सांसद वरुण गांधी अक्सर अपने बयानों को लेकर सुर्खियों में रहते हैं। वरुण ने फिर से अग्निवीर योजना को लेकर मोदी सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि पांच साल बाद अग्निवीर युवा गांवों में बेरोजगार घूमते हुए दिखाई देने वाले हैं। क्या ये देश और वर्दी का अपमान नहीं होगा। उन्होंने कहा कि इससे युवाओं का मनोबल गिरेगा। सांसद ने कहा, अग्निवीर के तहत भर्ती होने वाले युवाओं को निर्धारित समय के बाद नौकरी से बाहर किया जाएगा।

गांव में उन्हें रोजगार नहीं मिलेगा। उन्होंने कहा, जो लाखों लोग हटाए जाएंगे, उनकी जिम्मेदारी कौन लेगा। उन्होंने कहा, देश नारों से नहीं, बल्कि नीतियों से चलता है। सांसद ने कहा, पिछले 10 साल में 13 लाख करोड़ के ऋण माफ किए गए। इसमें



से अधिकांश उद्योगपतियों के हैं। गरीब का एक पैसा माफ नहीं हुआ। वरुण गांधी ने कहा कि हम संविदा के खिलाफ नहीं लेकिन महंगाई के आधार पर इनका भी मानदेय बढ़ाया जाए। बीमा का लाभ मिले, स्थायीकरण हो ताकि उन्हें भी अपनी अहमियत का एहसास हो। पिछले 10 साल में 13 लाख करोड़ के ऋण माफ किए गए, इनमें से ज्यादात्तर कर्जा उद्योगपतियों का माफ किया गया किसी गरीब का एक पैसा माफ नहीं हुआ।

# शेख हसीना लगातार चौथी बार बांग्लादेश की पीएम बनेंगी

### अवामी लीग ने 300 में से 204 सीटें जीतीं; भारत, चीन और रूस ने दी बधाई

**एजेंसी | ढाका**

बांग्लादेश की मौजूदा पीएम शेख हसीना लगातार चौथी बार प्रधानमंत्री पद पर काबिज होने जा रही हैं। रविवार 7 जनवरी को हुए आम चुनाव में हसीना की पार्टी अवामी लीग ने संसद की 300 में से 204 सीटें जीत लीं। इस बार 299 सीटों पर वोटिंग हुई थी। वहीं, हसीना ने लगातार आठवीं बार चुनाव जीता। गोपालगंज-3 सीट से उन्होंने बांग्लादेश सुप्रीम पार्टी के कैंडिडेट एम निजामुद्दीन लश्कर को 2.49 लाख से ज्यादा वोटों के अंतर से हराया। हसीना को 2 लाख 49 हजार 965 तो निजामुद्दीन को महज 469 वोट मिले। हसीना पहली बार 1986 में चुनाव जीती थीं। बांग्लादेश चुनाव आयोग के मुताबिक, इस बार चुनाव में 40 प्रतिशत वोट पड़े। यह आंकड़ा बदल सकता है। 2018 के चुनाव में 80 प्रतिशत मतदान हुआ था। देश में बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी समेत विपक्षी पार्टियों ने चुनाव का बहिष्कार किया था। आवामी लीग की जीत के बाद ढाका में भारत के राजदूत प्रणय वर्मा ने शेख हसीना से मुलाकात की। उन्होंने बुके देकर शेख हसीना को भारत सरकार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तरफ से जीत की बधाई दी। प्रणय वर्मा ने उम्मीद जताई है कि शेख हसीना की नई पारी में दोनों देशों के बीच रिश्ते और मजबूत होंगे। वहीं, भारत के अलावा चीन और रूस ने भी शेख हसीना को बधाईयां भेजी हैं।



# हिट एंड रन: देश में हर घंटे करीब छह लोगों की मौत

**एजेंसी | नई दिल्ली**

हिट एंड रन को लेकर बनाए गए नए कानून को लेकर देशभर में बहस छिड़ी हुई है। बस, ट्रक और डंपर चालकों ने कुछ दिन पहले ही इसके विरोध में देशव्यापी हड़ताल कर चुके है। लेकिन इस बीच राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के आंकड़ों ने सभी को चौंका दिया है। एनसीआरबी आंकड़ों के मुताबिक हिट एंड रन के मामलों में हर घंटे करीब 6 लोगों की मौत होती है। इतना ही नहीं हिट एंड रन के ही कारण हर रोज करीब 140 लोग अपनी जान गंवा देते हैं। रिपोर्ट का सबसे खराब पहलू यहा है कि हिट एंड रन के करीब 50 फीसदी मामलों में पुलिस आरोपियों की गाड़ियों को ट्रेस ही नहीं कर सकती हैं। यानी घटना के लिए जिम्मेदार गाड़ी चालक मौके से किसी भी तरह भागने में कामयाब हो जाते हैं।




### खास-खबर

### 7 शुभ और अद्भुत संयोग में होगी रामलला की प्राण प्रतिष्ठा

# रामलला की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा तिथि पर देवों के देव महादेव कैलाश पर विराजमान रहेंगे

**एजेंसी | अयोध्या**

भारतवर्ष के लिए 22 जनवरी का दिन बेहद शुभ है। इतिहास के पन्नों में इस तिथि का अंकन सुनहरे अक्षरों में होगा। इस दिन अयोध्या स्थित राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा किया जाएगा। इस अनुष्ठान में रामलला की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी। इस धार्मिक अनुष्ठान की शुरुआत 16 जनवरी से होगी। इसके लिए महाभव्य तैयारी की जा रही है। ज्योतिषियों की मानें तो पौष माह के शुक्ल पक्ष की द्वादशी तिथि पर एक, दो नहीं, बल्कि 7 शुभ और अद्भुत संयोग बन रहे हैं।



इन योग में रामलला की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी। ज्योतिषियों की मानें तो मकर संक्रांति के दिन सूर्य देव उत्तरायण होंगे। उत्तरायण देवताओं के लिए दिन का समय होता है।

इस दौरान प्रकाश में वृद्धि होने लगती है। इसी दिन से युगारंभ भी होता है। अत: रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के लिए मकर संक्रांति के पश्चात की तिथि का चयन किया गया है। इस दिन पौष माह के शुक्ल पक्ष की द्वादशी एवं त्रयोदशी तिथि है। द्वादशी तिथि संध्याकाल 07 बजकर 51 मिनट तक है। इसके पश्चात, त्रयोदशी तिथि है। वहीं, नक्षत्र मृगशिरा है। पौष माह के शुक्ल पक्ष की द्वादशी तिथि यानी 22 जनवरी को सर्वप्रथम ब्रह्म योग का निर्माण हो रहा है।

### भगवान शिव का वास

ज्योतिषियों की मानें तो रामलला की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा तिथि पर देवों के देव महादेव कैलाश पर विराजमान रहेंगे। इस दिन भगवान शिव संध्याकाल 07 बजकर 51 मिनट तक कैलाश पर विराजमान रहेंगे। इसके पश्चात, नंदी पर सवार होंगे। इस समय में भगवान शिव की पूजा करने से अक्षय फल की प्राप्ति होती है। साथ ही सभी प्रकार के अनुष्ठान करना सिद्धकारी होता है।

### सर्वार्थ सिद्धि योग

22 जनवरी को सर्वार्थ सिद्धि योग का निर्माण हो रहा है। इस योग का निर्माण सुबह 07 बजकर 14 मिनट से अगले दिन यानी 23 जनवरी को 04 बजकर 58 मिनट तक है। वहीं, अमृत सिद्धि योग का भी निर्माण पौष माह के शुक्ल पक्ष की द्वादशी तिथि पर हो रहा है। इस दिन अभिजीत मुहूर्त दोपहर 12 बजकर 11 मिनट से लेकर 12 बजकर 54 मिनट तक है।

समय

सीधी, मंगलवार 9 जनवरी 2024

# मुखिया को 5 हजार, उपमुखिया को ढाई हजार मिलेंगे, नीतीश कैबिनेट का बड़ा फैसला, आंगनबाड़ी सेविका-सहायिका का भी मानदेय बढ़ा; बिहार में खेल विभाग

**पटना।** बिहार में मुखिया, उपमुखिया, पंच, सरपंच का मानदेय दो गुना तक बढ़ा दिया गया है। अब मुखिया को 5 हजार रुपए, उप मुखिया को ढाई हजार रुपए मिलेंगे। आंगनबाड़ी सेविका को 7 हजार और सहायिका को 4 हजार रुपए मानदेय मिलेगा। यह फैसला सोमवार को नीतीश कैबिनेट में लिया गया। अब बिहार में खेल विभाग भी होगा। लोकसभा चुनाव से पहले सरकार का यह मास्टर स्ट्रोक माना जा रहा है। सरकार के इस फैसले से दो लाख 35 हजार 148 पंचायत प्रतिनिधियों को फायदा होगा। वहीं, वार्ड सदस्य और पंच के 1 लाख 268 निर्वाचित सदस्यों को फायदा होगा। एक दिन पहले ही पंचायत प्रतिनिधियों को सीएम नीतीश कुमार ने मिलने के लिए बुलाया था। इस दौरान पंचायत प्रतिनिधियों ने मानदेय वृद्धि की मांग की थी। प्रतिनिधियों से मुलाकात के 24 घंटे के अंदर यह फैसला लिया गया है।

**पंचायत प्रतिनिधियों को होगा फायदा**–कैबिनेट अपर मुख्य सचिव डॉ. एस सिद्धार्थ ने बताया है कि ग्राम मुखिया को अब 5 हजार रुपए प्रति माह मानदेय मिलेगा।



पहले 2 हजार 500 रुपए मिलते थे। उप मुखिया का मानदेय 1 हजार 200 रुपए से बढ़ाकर 2 हजार 500 रुपए प्रतिमाह किया गया है। वार्ड सदस्य का मानदेय 500 रुपए प्रतिमाह से बढ़ाकर 800 रुपए प्रतिमाह, सरपंच का मानदेय 2 हजार 500 रुपए से बढ़ाकर 5 हजार रुपए प्रतिमाह, उप सरपंच का मानदेय 1 हजार 200 रुपए से बढ़ा कर 2 हजार 500 रुपए और पंच का मानदेय 500 रुपए से 800 रुपए किया गया है।

**आंगनबाड़ी सेविका को अब 7 हजार, सहायिका को 4 हजार मिलेंगे**–नीतीश सरकार ने आंगनबाड़ी सेविका और सहायिका के मानदेय को भी बढ़ा दिया। दो दिन पहले ही आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के प्रतिनिधियों से भी सीएम मिले थे। इस दौरान उन्होंने मानदेय बढ़ाने की घोषणा की थी।अब आंगनबाड़ी सेविका का मानदेय 5 हजार 950 रुपए प्रति माह से बढ़ाकर 7 हजार रुपए प्रतिमाह और आंगनबाड़ी सहायिका का मानदेय 2 हजार 975 रुपए से बढ़ाकर 4 हजार रुपए किया गया है।

**2.30 लाख आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को फायदा**–राज्य सरकार ने अपने हिस्से की राशि में इजाफा किया है। केंद्रांश की राशि घट गई है। 60-40 के औसत अब 61-38 फीसदी हुआ है। अपर मुख्य सचिव डॉ. एस सिद्धार्थ ने बताया कि सरकार के इस फैसले से बिहार सरकार पर 286 करोड़ रुपए का अतिरिक्त बोझ पड़ेगा। डॉ. सिद्धार्थ ने बताया सरकार के इस फैसले से 2 लाख 30 हजार 18 सेविका-सहायिका को फायदा होगा। बिहार में सेविका की संख्या 1 लाख 15 हजार 9 और इतनी ही सहायिका हैं।

**बिहार में अब खेल विभाग**–बिहार सरकार में अब 45 विभागों से कामकाज होंगे। सीएम नीतीश कुमार के ऐलान के 48 घंटे के भीतर नया विभाग बन गया है। खेल और खिलाड़ियों के लिए खेल विभाग होगा। खेल विभाग पर कैबिनेट ने मुहर लगा दी है। कैबिनेट अपर मुख्य सचिव डॉ. सिद्धार्थ ने बताया है कि इस फैसले से खेल का बढ़ावा मिलेगा। राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर के उत्कृष्ट खिलाड़ी उभर कर सामने आएंगे। खेल संघ और खिलाड़ियों से जुड़े कामकाज खेल विभाग से होगा। संघ के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि बिहार में संघ का रजिस्ट्रेशन खेल प्राधिकरण से होता है।

# हिमाचल में पुलिस कांस्टेबल भर्ती नियम बदले, 6 फीट लंबे युवा को 6 अतिरिक्त अंक; 5.5 फीट हाइट वाले हजारों युवाओं को झटका

**शिमला।** हिमाचल सरकार ने कांस्टेबल के 1228 पदों पर भर्ती से पहले नियम बदले हैं। कांस्टेबल बनने के लिए सभी श्रेणी में एक इंच लंबाई बढ़ाई गई है। बड़ी बात यह है कि 5.7 फीट से ज्यादा लंबाई के युवाओं को एक्स्ट्रा अंक मिलेंगे। जिसकी लंबाई छह फीट या इससे भी ज्यादा है, उसे 6 एक्स्ट्रा अंक मिलेंगे। कांस्टेबल भर्ती होने के लिए सामान्य श्रेणी के पुरुषों की लंबाई 5.6 फीट, रिजर्व कैटेगरी के लिए 5.4 फीट और महिलाओं के लिए 5.2 फीट होनी चाहिए। जिन युवाओं की लंबाई 5.6 फीट होगी, उन्हें भर्ती में अतिरिक्त अंक नहीं मिलेंगे, लेकिन 5.7 फीट से 5.8 फीट लंबाई वाले अभ्यर्थी को एक अंक अतिरिक्त मिलेगा।

**लंबाई के हिसाब से मिलेंगे अतिरिक्त अंक**–5.8 फीट से 5.9 फीट के बीच की लंबाई वाले अभ्यर्थियों को 2 अतिरिक्त नंबर, 5.9 फीट से 5.10 फीट वाले युवाओं को 3 नंबर, 5.10 फीट से 5.11 फीट वाले युवा को 4 नंबर, 5.11 फीट से 6 फीट के बीच की लंबाई वाले अभ्यर्थियों को 5 अंक तथा 6 फीट या इससे अधिक लंबाई वाले युवा को 6 अतिरिक्त अंक मिलेंगे।

**पुरुष कांस्टेबल के लिए** वहीं, पुरुषों को 4 मीटर लंबी और महिलाओं को 3 मीटर लंबी छलांग लगानी होगी। पुरुषों को 100 मीटर की दौड़ 14 सेकेंड तथा महिलाओं को 17 सेकेंड में पूरी



**1500 मीटर दौड़ जरूरी**–ग्राउंड टेस्ट में पुरुष अभ्यर्थियों के लिए सरकार ने 1500 मीटर दौड़ रखी है, जिसे 5.30 मिनट में पूरा करना होगा। वहीं, महिलाओं को 800 मीटर दौड़ 3.45 मिनट में पूरी करनी होगी। पुरुषों के लिए 1.35 मीटर और महिलाओं को 1.10 मीटर ऊंची कूद लगानी होगी। करने की शर्त लगाई गई है।

जिन युवाओं के पास NCC का प्रमाण पत्र होगा, उन्हें भी इसके अंक मिलेंगे। ८-सर्टिफिकेट के 1 अंक, क्क सर्टिफिकेट के 2 अंक और C सर्टिफिकेट के 3 अंक मिलेंगे। जिस अभ्यर्थी के पास सभी प्रमाणपत्र होंगे, उन्हें 4 अंक दिए जाएंगे।

# ओपीएस लागू करने की मांग को लेकर आंदोलन

**कोटा।** एनपीएस खत्म करने और सभी केन्द्रीय एवं राज्य सरकार और कोटा वर्कशॉप एवं कोटा डीआरएम ऑफिस पर एक साथ



के कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन योजना (ओपीएस) लागू करने की मांग को लेकर रेलवे कर्मचारी आंदोलन पर उतर गए। जेएफआर ओपीएस एवं ऑल इंडिया रेलवेमेन्स फैडरेशन के आह्वान पर वेस्ट सेन्ट्रल रेलवे एम्पलॉईज यूनियन ने 8 से 11 जनवरी तक क्रमिक भूख हड़ताल का शुरू कर दी। पहले दिन कोटा मंडल में यूनियन के सभी शाखा मुख्यालय विक्रमगढ आलौट, शामगढ, रामगंजमण्डी, बूंदी, बांरा, सवाईमाधोपुर, गंगापुर सिटी, बयाना, भरतपुर एवं तुगलकाबाद क्रमिक अनशन शुरू किया। कोटा डीआरएम ऑफिस पर यूनियन की कोटा लोको एवं कोटा टीआरडी/विद्युत शाखा के पदाधिकारी एवं कर्मचारी क्रमिक अनशन पर बैठे। अनशन स्थल पर कर्मचारियों को सम्बोधित करते हुए यूनियन के महामंत्री मुकेश गालव ने कहा कि केन्द्र सरकार ने अगर इस भूख हड़ताल के बाद भी पुरानी पेंशन बहाली का निर्णय नहीं लिया तो कर्मचारियों के पास हड़ताल और रेल बंद करने के अलावा और कोई रास्ता नहीं बचेगा।

# बीजेपी नेता की हत्या मामले में जांच करेगी एसआईटी, कांकेर में दुकानें-यात्री बसें बंद; डिप्टी ष्टस्रूशर्मा बोले- कांग्रेसियों-नक्सलियों में मिलीभगत

**कांकेर।** छत्तीसगढ़ के कांकेर में भाजपा नेता की हत्या मामले में डिप्टी CM विजय शर्मा ने कांग्रेसियों-नक्सलियों की मिलीभगत का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा है कि वो कॉम्प्रोमाइज्ड रहे हैं। भाजपा की सरकार आने से नक्सली बौखलाए हुए हैं। पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष और भाजपा जिला उपाध्यक्ष असीम राय की रविवार रात गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इसके विरोध में सोमवार को कांकेर के ज्यादातर इलाके बंद है। इसके चलते सारी दुकानें और यात्री बसों का संचालन भी बंद है।

**भाजपा पार्षद के होटल में तोड़फोड़**–बांदे, पखांजूर, कापसी और बड़गांव में भी बंद का असर देखने को मिला है। इससे पहले रविवार देर रात गुस्साए लोगों ने भाजपा पार्षद विकास पाल के होटल में तोड़फोड़ कर दी थी। आरोप है कि विकास पाल ने नगर पंचायत पखांजूर में अध्यक्ष बनाने के लिए कांग्रेस का साथ दिया था।

कैबिनेट मंत्री केदार कश्यप, संगठन मंत्री पवन साय और पूर्व



**जांच के लिए SIT का गठन**–हत्या की जांच के लिए पुलिस ने SIT का गठन किया है। अफसरों के मुताबिक, रंजिश के चलते हत्या की आशंका है। फिलहाल अभी तक शव का अंतिम संस्कार नहीं किया गया है।

वन मंत्री महेश गागड़ा पहुंचे हुए हैं।

**घटनास्थल से मिले CCTV फुटेज, संदिग्ध हिरासत में**–पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल ने बताया कि घटना स्थल से मिले सीसीटीवी फुटेज व अन्य टेक्निकल जानकारी मिली है। संदिग्धों से पूछताछ की जा रही है। आठ साल पहले असीम राय पर आपसी रंजिश के चलते किए गए हमले के दोनों आरोपियों से भी पुलिस पूछताछ कर रही है।

कांकेर के पखांजूर में पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष और बीजेपी नेता असीम राय की गोली मारकर हत्या कर दी गई। रविवार देर शाम करीब 8 बजे अज्ञात लोगों ने वारदात को अंजाम दिया। फायरिंग पखांजूर के पुराना बाजार में हुई। गोली लगने के बाद उन्हें अस्पताल लाया गया, जहां उन्हें डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। बताया जा रहा है कि रविवार रात 8 बजे असीम राय रोजाना की तरह पखांजूर थाना से महज कुछ दूर पहले स्कूटी से गढ़चिरौली मार्ग तिराहे से गुजर रहे थे, जहां रविवार को छोटा बाजार लगता है। इसी का फायदा उठाते हुए अज्ञात हमलावर बाइक से आए और फायरिंग कर दी।

# मंत्री बोले- कांग्रेस की योजनाओं का रिव्यू किया जाएगा

**जयपुर।** राजस्थान के तीन मंत्रियों झाबर सिंह खर्रा, सुरेश सिंह रावत और जोराराम कुमावत ने आज कार्यभार ग्रहण किया। इस दौरान सरकार के स्वायत्त शासन मंत्री झाबर सिंह खर्रा कार्यभार ग्रहण करने के साथ ही एक्शन मोड में दिखे। सोमवार को सचिवालय में



अधिकारियों को हिदायत देते हुए खर्रा ने कहा- कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में शुरू हुई योजनाओं का रिव्यू किया जाएगा। इसके साथ ही पिछले साल दिसंबर तक जो भी योजनाएं चल रही हैं। उनको लेकर कल ही रिव्यू होगा। ताकि सही योजनाओं को जल्द से जल्द पूरा कर जनता तक राहत पहुंचाई जा सके। झाबर सिंह ने कहा- राजस्थान में पिछले 6 महीने से सड़कें खुदी हुई हैं। जबकि नियमों के तहत खुदी हुई सड़कें 15 दिन में सही हो जानी चाहिए। ऐसे में जो भी दोषी अधिकारी हैं। उनके खिलाफ भी एक्शन लिया जाएगा। इसके साथ ही सरकार की योजनाओं को धरातल पर लाने के लिए मैं स्वायत शासन विभाग को पारदर्शी बनाना चाहूंगा। ताकि बदनाम हो चुके इस विभाग पर जनता का विश्वास जाग सके। सोमवार को जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत ने भी कार्यभार ग्रहण किया। उन्होंने कहा- राजस्थान में बीजेपी की सरकार बनने के बाद हर घर तक जल पहुंचना मेरी पहली प्राथमिकता रहेगी। वैसे भी जी ERCP योजना का नाम लेकर कांग्रेस अब तक जनता को बेवकूफ बना रही थी। बीजेपी की सरकार बनने के बाद उसे योजना को धरातल पर लाने का काम शुरू कर दिया गया है।


# बिलकिस गैंगरेप, 11 दोषी फिर जेल जाएंगे, एससी बोला- गुजरात सरकार ने सत्ता का दुरुपयोग किया

**अहमदाबाद।** गुजरात में 2002 दंगों के दौरान बिलकिस



बानो गैंगरेप के 11 दोषियों को समय से पहले जेल से रिहा करने के राज्य सरकार के फैसले को सुप्रीम कोर्ट ने रद्द कर दिया है। जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस उज्जल भुइयां की बेंच ने सोमवार को फैसला सुनाते हुए कहा- सजा अपराध रोकने के लिए दी जाती है। पीड़ित की तकलीफ की भी चिंता करनी होगी। बेंच ने कहा कि गुजरात सरकार को रिहाई का फैसला लेने का कोई अधिकार नहीं है। उसने अपनी सत्ता और ताकत का दुरुपयोग किया है। वह दोषियों को कैसे माफ कर सकती है। सुनवाई महाराष्ट्र में हुई है तो रिहाई पर फैसला भी वहीं की सरकार करेगी। जिस राज्य में अपराधी पर मुकदमा चलाया जाता है और सजा सुनाई जाती है, उसी को दोषियों की माफी याचिका पर फैसला लेने का अधिकार है।

इस कमेंट के साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने मई 2022 में जस्टिस अजय रस्तोगी (रिटायर्ड) के उस फैसले को भी रद्द कर दिया, जिसमें 11 दोषियों को गुजरात सरकार से शीघ्र माफी के लिए अपील करने की अनुमति दी गई थी। गुजरात सरकार ने इन्हें 15 अगस्त 2022 को रिहा कर दिया था। बेंच ने सभी 11 दोषियों को 2 सप्ताह में सरेंडर करने को कहा। फैसले के बाद बिलकिस के घर पर पटाखे फोड़े गए। बिलकिस के 11 दोषियों की रिहाई के खिलाफ 30 नवंबर 2022 को सुप्रीम कोर्ट में दो याचिकाएं दाखिल की गई थीं। पहली याचिका में 11 दोषियों की रिहाई को चुनौती देते हुए उन्हें तुरंत वापस जेल भेजने की मांग की गई थी। दूसरी याचिका में सुप्रीम कोर्ट के मई में दिए आदेश पर विचार करने की मांग की गई थी।



# किसान भवन और हवेली में ऑनलाइन बुकिंग, पंजाब मंडी बोर्ड की नई पहल

**चंडीगढ़।** अब चंडीगढ़ या श्री आनंदपुर साहिब आने वाले लोगों को ठहरने के लिए होटलों और गेस्ट हाउस में ज्यादा जेब ढीली नहीं करनी पड़ेगी। लोगों की सुविधा के लिए पंजाब मंडी बोर्ड ने चंडीगढ़ स्थित किसान भवन और श्री आनंदपुर साहिब रोपड़ स्थित किसान हवेली में ऑनलाइन बुकिंग शुरू की है। इसके लिए बाकायदा एक पोर्टल बनाया है, जहां से यह आसानी से बुकिंग हो पाएगी। वहीं, इनके रेट भी आम लोगों के बजट में रहेंगे। सेक्टर-35 स्थित किसान भवन 3 एकड़ में फैला हुआ है। इसमें 100 से अधिक गाड़ियों की पार्किंग की सुविधा रहेगी। यह पूरी तरह ष्ट है। इसमें 40 बेडरूम व 115 डॉरमेट्री हैं। इनमें टीवी से लेकर स्टडी टेबल तक की सुविधा रहेगी। वहीं, रावी व चिनाव दो कॉन्फ्रेंस हॉल हैं। इनमें 150 से 1000 तक लोगों के आने की क्षमता है। इस तरह किसान हवेली में 14 कमरे हैं। लोगों को बुकिंग के लिए अब मंडी बोर्ड द्वारा बनाई गई वेबसाइट kisanbhawan.emandikaran-pb.in पर जाना होगा। इससे लोग अपनी सुविधा अनुसार बुकिंग करवा पाएंगे।

# सनातन का विरोध करने वालों पर भड़के गिरिराज सिंह, इंडी गठबंधन को बताया घमंडिया

**मुजफ्फरपुर (बिहार)।** केंद्रीय पंचायती राज और ग्रामीण विकास मंत्री गिरिराज सिंह सोमवार को मुजफ्फरपुर पहुंचे। इस दौरान गिरिराज सिंह सनातन धर्म को कोसने वाले नेताओं पर जमकर बरसे। उन्होंने कहा कि एक सुनियोजित साजिश के तहत देश में कुछ नेता माहौल को बिगड़ने के लिए लगातार विवादित बयान दे रहे हैं। बिहार के शिक्षा मंत्री के विवादित बयान पर पलटवार करते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा कि जब सूबे के उपमुख्यमंत्री खुद जब राम मंदिर पर सवाल खड़े कर रहे हैं। तब उनके मंत्रियों से भला क्या अपेक्षा की जा सकती है। उन्होंने कहा कि एक सुनियोजित साजिश के तहत सनातन धर्म पर हमला किया जा रहा है। मंत्री गिरिराज सिंह ने मौजूदा इंडी गठबंधन को घमंडियां गठबंधन करार दिया है। हिंदुओं और सनातन को अपमानित करना इंडी गठबंधन का मुख्य एजेंडा बन गया है। इसके नेता पानी पी- उन्होंने विरोधियों को नसीहत देते हुए कहा कि हिंदू चुप है इसका



पीकर हिंदुओं को गाली दे रहे हैं। लेकिन देश की जनता सब कुछ देख रही है। देश की जनता ऐसी ताकतों को आगामी लोकसभा चुनाव में करारा जवाब देगी। मतलब यह नहीं की वह कमजोर है। बता दें कि मंत्री गिरिराज सिंह जिले के सरैया प्रखंड के गोपी धनवत में भारत विकसित यात्रा के दौरान पहुंचे थे।

# केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत के दरबार में सभरवाल, रेवाड़ी के बावल से दावेदारी

**रेवाड़ी।** हरियाणा में रेवाड़ी जिले की बावल विधानसभा सीट को लेकर अभी से दावेदारी शुरू हो गई है। फिलहाल प्रदेश में भाजपा-जजपा गठबंधन की सरकार है। जेजेपी के प्रदेश महासचिव और इस सीट से दो बार चुनाव लड़ चुके श्याम सुंदर सभरवाल ने तीसरी बार भी चुनाव लड़ने की घोषणा कर दी है। इसके साथ ही ये भी दावा किया कि गठबंधन रहेगा और ये रिर्जव सीट जेजेपी के खाते में आएगी। इस सीट से फिलहाल प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री डॉ. बनवारी लाल रू हैं। उन्हें अहीरवाल के दिग्गज नेता केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह का समर्थक माना जाता है। एक दिन पहले गुरुटेक सोसाइटी में अपने आवास पर कार्यकर्ताओं की मीटिंग के दौरान सभरवाल ने संकेत दिया था कि इस बार उन्हें राव इंद्रजीत सिंह का भी साथ मिल सकता है। चूंकि, राव इंद्रजीत सिंह के परिवार



रामपुरा हाउस का इस सीट पर शुरू से ही दबदबा है। रामपुरा हाउस की बदौलत ही डॉ. बनवारी लाल 2014 में पहली बार रू बनने में कामयाब हुए।

बावल सीट पर रामपुरा हाउस के बगैर नैया पार लगना मुश्किल है। ऐसे में कार्यकर्ता मीटिंग के अगले ही दिन सोमवार को जेजेपी नेता श्याम सुंदर सभरवाल दिल्ली में केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह से मिलने भी पहुंचे। सभरवाल ने इस मुलाकात पर कहा कि राव इंद्रजीत सिंह अहीरवाल के बड़े नेता हैं। वे दिल्ली में उनके आवास पर नए साल की शुभकामनाएं देने पहुंचे थे। बता दें कि 2014 में प्रदेश में भाजपा की सरकार बनने पर राव इंद्रजीत सिंह ने अपने कोटे से उस वक्त के कोसली से रू विक्रम यादव ठेकेदार को मंत्री बनवाया था। लेकिन करीब 2 साल के अंदर ही उनसे मंत्री पद वापस लेकर बावल रू डॉ. बनवारी लाल को मंत्री बनाया गया। इसके बाद डॉ. बनवारी लाल केंद्रीय मंत्री राव के तो नजदीकी रहे ही, साथ ही उनके ष्टरूमनोहर लाल से भी अच्छे संबंध बन गए। 2019 में दोबारा रूबनने के बाद डॉ. बनवारी लाल को प्रमोट कर कैबिनेट मंत्री बनाया गया। इस बीच डॉ. बनवारी लाल का सीएम मनोहर लाल और भाजपा के प्रति समर्पण भाव और ज्यादा बढ़ गया। यही समर्पण भाव राव इंद्रजीत खेमे को रास नहीं आया। हालांकि, डॉ. बनवारी लाल ने राव इंद्रजीत सिंह और सीएम के बीच लगातार सामंजस्य बनाए रखा।

# पूजा सिंघल को एससी से नहीं मिली जमानत, स्वास्थ्य का हवाला देकर मांगी थी बेल,अब मार्च में सुनवाई; 8 महीने से रिम्स में भर्ती

**रांची।** मनी लॉन्ड्रिंग और भ्रष्टाचार के आरोप मे घिरी झारखंड की निलंबित आईएएस अधिकारी पूजा सिंघल को एक बार फिर झटका लगा है। सुप्रीम कोर्ट ने पूजा सिंघल को जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए आज भी जमानत नहीं दी। पूजा सिंघल आठ महीने से रिम्स में भर्ती हैं। निलंबित आईएएस अधिकारी ने सेहत का हवाला देते हुए जमानत याचिका दायर की थी। पूजा सिंघल की ओर से सीनियर एडवोकेट सिद्धार्थ लूथरा ने बहस की। वहीं श्वष्ठ की तरफ से ASG (असिस्टेंट सॉलिसिटर जनरल) एसवी राजू ने पक्ष रखा। पूजा सिंघल की जमानत याचिका पर सुनवाई अब 11 मार्च को होगी। महात्मा गांधी ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) घोटाला से जुड़े मामले में पूजा सिंघल जेल में बंद हैं। इससे पहले भी पूजा सिंघल ने जमानत के लिए सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की थी। अपील को शीर्ष अदालत ने ठुकरा दिया था। पूजा सिंघल को



11 मई 2022 को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने गिरफ्तार किया था। गिरफ्तारी के बाद झारखंड सरकार ने उन्हें निलंबित करने का आदेश दिया था।

**अब तक दो बार मिली है जमानत**–पूजा सिंघल को अबतक दो बार जमानत मिली है। फरवरी 2023 में उन्हें दो महीने की अंतरिम जमानत दी गई थी। यह अंतरिम जमानत मेडिकल ग्राउंड पर मिली थी। पूजा सिंघल ने याचिका में कहा था कि उनकी बीमार बेटी को उनकी देखभाल की जरूरत है। बेल की अवधि खत्म होने पर 2 अप्रैल को ईडी की पीएमएलए कोर्ट में उन्होंने सरेंडर कर दिया था। इससे पहले 3 जनवरी 2023 को पजा सिंघल को जमानत दी गई थी। दो बेल के बाद से पूजा सिंघल लगातार सेहत और बेटी का हवाला देकर जमानत की अपील करती रहीं है, लेकिन उन्हें अब तक राहत नहीं मिली है।

**सात महीने 23 दिनों से रिम्स में भर्ती है पूजा सिंघल**–पूजा सिंघल 7 महीने 23 दिनों से रिम्स के पेइंग वार्ड में भर्ती हैं। उन्हें माइग्रेन समेत अन्य परेशानियों के कारण यहां लाया गया था। न्यूरोलॉजी डिपार्टमेंट के डॉ। सुरेंद्र कुमार इनका इलाज कर रहे हैं। माइग्रेन और न्यूरो की अन्य परेशानियां ठीक हो जाने के बाद पूजा सिंघल ने बच्चादानी की सर्जरी की इच्छा जताई। बीते अगस्त के अंतिम सप्ताह में स्त्री रोग विभाग की डॉ. एसबी सिंह की देखरेख में बच्चेदानी की सर्जरी भी हो गई। इस सर्जरी के भी चार महीने 13 दिन हो गए, पर वह भर्ती ही हैं। डॉक्टरों की माने तो फिलहाल वह पूरी तरह स्वस्थ हैं।

**जेल से बाहर है पति अभिषेक झा**–पूजा सिंघल से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस में उनके पति अभिषेक झा एंटीसिपेटरी बेल पर जेल के बाहर हैं। अभिषेक झा के सीए (सुमन कुमार) के घर से ईडी ने 20 करोड़ कैश जब्त किए थे। ईडी ने अपनी चार्जशीट में बताया है कि कैसे पूजा सिंघल से शादी करने के बाद अभिषेक झा की कमाई में कई गुना इजाफा हुआ। भ्रष्टाचार से कमाए गए पैसे अभिषेक झा के अकाउंट में ट्रांसफर हुए। दूसरी तरफ, पूजा के पति अभिषेक का कहना है कि उनके अकाउंट में जो पैसे हैं, वह उनकी नौकरी से कमाए पैसे हैं।

समय

# चिंता की बात

कोई भी लोकतांत्रिक देश अपनी जमीन से किसी दूसरे देश के खिलाफ गतिविधियां चलाने, किसी समुदाय की आस्था को चोट पहुंचाने, पूजा स्थलों में तोड़फोड़ करने का समर्थन नहीं करता। मगर पिछले कुछ समय से जिस तरह अमेरिका और कनाडा में खालिस्तान समर्थक संगठन खुलेआम भारत-विरोधी गतिविधियां संचालित कर रहे हैं, वहां रह रहे लोगों की हिंदू आस्था पर चोट पहुंचाने का प्रयास करते देखे जा रहे हैं, उससे इन देशों के लोकतांत्रिक मूल्यों पर ही सवाल गहरे हुए हैं। अमेरिका के कैलिफोर्निया में शुक्रवार को फिर एक हिंदू मंदिर की दीवारों पर खालिस्तान समर्थक नारे लिख कर उसे विरूपित कर दिया गया। इस घटना से पखवाड़ा भर पहले वहीं के स्वामिनारायण मंदिर में तोड़फोड़ की गई थी। उसी राज्य के एक मंदिर में चोरी की गई। इस तरह पिछले दो हफ्तों के भीतर तीन बड़ी घटनाएं हो गईं। अब वहां का प्रशासन इन घटनाओं की जांच कर रहा है। मगर जांच की औपचारिकताएं तो हर घटना की शिकायत पर निभाई ही जाती हैं। असल सवाल है कि क्या इससे वहां पूजा परिसरों की सुरक्षा का भरोसा बन सकेगा। अगर कैलिफोर्निया की पुलिस सचमुच पूजा स्थलों की सुरक्षा को लेकर गंभीर होती, तो स्वामिनारायण मंदिर में हुई तोड़फोड़ के बाद ही सतर्क हो गई होती। मंदिरों पर हुए हमलों में यह तथ्य किसी जांच का विषय नहीं है कि उन्हें किन लोगों ने अंजाम दिया। खालिस्तान समर्थक संगठन अमेरिका और कनाडा में अपनी पूरी पहचान के साथ सक्रिय हैं। भारत इसे लेकर कई बार चिंता जता चुका है। मगर अब लगता है कि अमेरिका और कनाडा के लिए खालिस्तान समर्थक अलगाववादी कोई चिंता का विषय नहीं रह गए हैं। निज्जर की हत्या के बाद कनाडा सरकार ने आरोप लगाया था कि उसमें भारतीय खुफिया एजंसी का हाथ था। हालांकि बार-बार मांगे जाने के बाद भी वह भारत के सामने इसका कोई सबूत नहीं पेश कर सका है। उसके बाद अमेरिका ने आरोप लगाया कि भारत के एक अधिकारी ने पन्नू की हत्या की सुपारी दी थी। इस मामले में उसने एक व्यक्ति को गिरफ्तार भी कर लिया। इन घटनाओं के बाद स्वाभाविक ही खालिस्तान समर्थकों में आक्रोश है और उन्होंने भारत-विरोधी गतिविधियां तेज कर दी हैं।

विचार

# घरेलू पर्यटन प्रोत्साहन से मालदीप क्यों बौखलाया?



ललित गर्ग

**नववर्ष पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी लक्षद्वीप की यात्रा पर क्या गये, चीन की कटपुतली बने मालदीव को मिर्ची लग गयी। वहां की नई सरकार और वहां के तमाम लोग इसे अपने पर्यटन उद्योग के लिये गंभीर खतरा मानते हुए भारत एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर आपत्तिजनक एवं गैर-जिम्मेदार टिप्पणियां कर दी, नासमझी में की गयी ये टिप्पणियां मालदीप के लिये इतनी भारी पड़ गयी कि भारतीय पर्यटकों ने जहां अपनी मालदीप की यात्रा को रद्द करना प्रारंभ कर दिया, वहीं भारत सरकार की तरफ से भी ऐतराज जताया गया।**

भारत की त्वरित कार्रवाई को देखकर मालदीप सरकार घबरा गयी और उसने अपने मंत्रियों के बयान से किनारा कर लिया लेकिन साफ है कि भारत और मालदीव के बीच सदियों पुराने प्रेम एवं सौहार्द के रिश्ते एकाएक तल्ख होते दिखाई दे रहे है। मालदीव की तरफ से लगातार तनाव बढ़ाने वाले बयान आ रहे हैं लेकिन भारत की तरफ से फिर भी संतुलित नीति अपनाई जा रही है। मोदी की लक्षद्वीप यात्रा का उद्देश्य कत्तई किसी भी देश के पर्यटन को नुकसान पहुंचाना नहीं है, बल्कि अपने देश में पर्यटन की नई संभावनाओं को तलाशना है। भारत ऐतिहासिक, सामाजिक-सांस्कृतिक-प्राकृतिक पर्यटन से समृद्ध देश है। मोदी के करिश्माई व्यक्तित्व का ही परिणाम है कि लुप्तप्राय: भारत के पर्यटन को नया जीवन एवं ऊर्जा मिल रही है।

मोदी ने लक्षद्वीप दौरे के साथ ही वहां के पर्यटन को प्रोत्साहित किया। इसकी कई तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर करते हुए उन्होंने कहा था कि हमारे पास भी खूबसूरत समुद्र तट है। इसी के साथ उन्होंने कहा था कि जो लोग रोमांच को पसंद करते है, लक्षद्वीप उनकी टॉप लिस्ट में होना चाहिए। इसके बाद गूगल पर अचानक लक्षद्वीप को सर्च करने वालों की संख्या बढ़ गई। इसी के साथ सोशल मीडिया पर लक्षद्वीप की खूबसूरत तस्वीरे पोस्ट की जाने लगी। यह बहस चल पड़ी कि जब देश में इतनी खूबसूरत जगह है तो अपनी छुट्टी मनाने कहीं और क्यों जाएं? लोगों को मालदीव की बजाय लक्षद्वीप जाना चाहिए। इससे खफा होकर मालदीव के मोहम्मद मुइज्जु मंत्रीमंडल के तीन मंत्रियो मरियम शिउना, मालशा और हसन जिहान ने जो आपत्तिजनक टिप्पणी की और



वहां की सरकार को स्थिति की गंभीरता को देखते हुए अपने इन तीनों मंत्रियों को हटाना पड़ा है। पर्यटन ही मालदीव की आय का सबसे बड़ा स्रोत है। भारत से करीब दो लाख से ज्यादा लोग हर साल मालदीव की यात्रा करते हैं। मालदीव में मौजूद भारतीय हाई कमिशन के आंकड़ों को मानें तो साल 2022 में 2 लाख 41 हजार और 2023 में करीब 2 लाख लोगों ने मालदीव की यात्रा की है। ऐसे में यदि लक्षद्वीप जैसे भारत के द्वीपों को प्रमोट किया जाता है तो जाहिर है कि भारत से मालदीव जाने वाले लोगों की संख्या में कमी आएगी, जिसका विपरीत असर वहां के टूरिज्म एवं आर्थिक व्यवस्था पर पड़ेगा। असल में भारत के लोग सैर-सपाटे के शौकीन हैं और इसके लिए वे विदेश जाते हैं तो इससे देश की आर्थिक व्यवस्था पर व्यापक प्रतिकूल प्रभाव पड़ते हैं। बड़ी मात्रा में देश की धनराशि तत्काल बाहर जाती है। स्थानीय पर्यटन को प्रोत्साहन देकर यह धनराशि देश में ही रोकी जा सकती है, इससे स्थानीय उद्यमों को प्रोत्साहन, रोजगार सृजन और अंतत: जीडीपी को बढ़ावा दिया जा सकता है। विदेशी पर्यटन पर खर्च से न केवल घरेलू आर्थिक गतिविधियों की गति बढ़ाने का अवसर गंवा दिया जाता है, बल्कि व्यापार घाटा भी बढ़ सकता है। वहीं घरेलू पर्यटन स्थलों का अपेक्षित दोहन नहीं होने से उन क्षेत्रों में सभांवित निवेश प्रभावित होता है। वहां विकास गतिविधियां थम सकती हैं, जिससे स्थानीय आर्थिकी सिकुड़ सकती है। वर्तमान भाजपा सरकार इन स्थितियों पर लम्बे समय से ध्यान दे रही है। उसने पर्यटन को प्रोत्साहन देने के लिये व्यापक योजनाएं बनाई है। 'देखो अपना देश' और 'स्वदेश दर्शन योजना' के मूल में घरेलू पर्यटन को बढ़ाना देना ही है। थीम आधारित टूरिस्ट सर्किट भी इसी उद्देश्य को पूर्ति के लिए विकसित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में ईको पर्यटन और संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए 'अमृतं धरोहर' जैसी पहल की गई है। राज्य सरकारों को भी इसके लिए अपने स्तर पर हर संभव प्रयास करने होंगे। स्थानीय कला, संस्कृति, हस्तशिल्प और उत्पादों के आधार पर वे पर्यटकों को आकर्षित कर सकते हैं। उन्हें सैलानियों की सुविधाओं के साथ ही सुरक्षा, विशेषकर दूर-दराज के इलाकों में उन्हें सुरक्षा कवच प्रदान करना होगा। पर्यटन के स्तर पर नागरिकों की भूमिका भी कम महत्वपूर्ण नहीं। हम विदेश में तो कड़े नियमों का पालन करते हैं, लेकिन अपने देश में नियम तोड़ते रहते हैं। याद रहे कि सबका साथ-सबका विकास में सबका प्रयास ज्यादा महत्वपूर्ण एवं प्रभावकारी है। भारत का पर्यटन क्षेत्र विपुल संभावनाओं से भरा है। इससे जुड़ी संभावनाओं को भुनाने से न केवल हमारी विरासत सशक्त होगी, बल्कि आर्थिक वृद्धि और सांस्कृतिक संरक्षण के साथ ही राष्ट्रीय गौरव भी बढ़ेगा।

भारत का पड़ोसी देश मालदीव हिंद महासागर पर बसा है और इस कारण यह सुरक्षा की दृष्टि से भी अहम है। यहां की नई सरकार चीन के करीब दिख रही है और चीन अपने मनसूंबो को पूरा करने के लिये गलत रास्तों पर ढकेल रहा है। मालदीव के नए राष्ट्रपति ने तो अपने चुनाव प्रचार में ही 'इंडिया आउट' का नारा दिया था। विदेश मामलों के जानकार हर्ष वी. पंत का भी मानना है कि अगर तल्खी बढ़ती है तो हिंद महासागर रीजन की सिक्योरिटी भारत के लिए परेशानी का सबब बन सकती है।

चीन हमारे रिश्तों की तल्खी का फायदा उठाने की कोशिश कर सकता है। जिसका भारत खयाल रखेगा। इसलिए भारत सरकार की तरफ से संतुलित नीति पर बल दिया जाता रहा है, जबकि मालदीव की तरफ से तो लगातार काफी कुछ गलत कहा जा रहा है। चीन की शह पर भारत को आंख दिखाने की कोशिश होती रही है। लेकिन मोदी ने उनकी इन कुचेष्टाओं को निस्तेज करने के लिये लक्षद्वीप का सहारा लिया है। लक्षद्वीप देश में सबसे शांत स्थानों में से सुंदर और एक है। यहां कुल 36 द्वीप, 12 एटोल, तीन चट्टानें है। निश्चित ही मोदी की इस यात्रा के बाद लक्षद्वीप में बड़े पैमाने पर पर्यटन को प्रोत्साहन देने के लिये व्यापक प्रयत्न होंगे।

राजनीतिक

# राम करेगें भाजपा की चुनावी नैया पार?

लेखक- विनोद कुमार सिंह



**पुनर्विकसित अयोध्या रेलवे स्टेशन का उद्घाटन व कई अन्य रेलवे परियोजनाओं व हवाई अड्डे की सौगात। विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र भारत की भुमिका वैश्विक राजनीति की हमेशा ही रहा है।सन 2024 के आगमन के संग ही सूर्यदेव की दर्शन नही देने व कड़ाके की ठण्ड से देशवासी जुझ रहे है। वही दुसरी ओर भारतीय राजनीति व सता के गलियारों में सन 2024 होने वाते लोक सभा चुनाव के गरमी की चर्चा चहुँ दिशाओं हो रही है।सभी राजनीतिक दल चुनावी मैदान में अपनी अपनी रणनीति बनाने में व्यस्त है।**

खासकर केन्द्र की भाजपा सरकार के अपने समस्त शक्तियों लगाकर पुन: सता के सिंघासन पर आसीन होना चाहती है।इसका सबसे बडा प्रमाण इसी माह के 22 जनवरी कोअयोध्या में भव्य नवर्निमित राम मंदिर उद्घाटन है।केद्र की भाजपा सरकार के लिए राम मंदिर निर्माण का श्रेय का सेहरा पहने के लिए कितना उतावली है। इससे लगाया जा सकता है कि बीते बर्ष के 27 दिनों के अन्दर प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी का तीन बार अयोध्या दौरे पर आना है। फिलहाल आप के मन अयोध्या के बारे में जानने उत्सुकता बडी गई होगी।

आप के मन में कुछ प्रशन वह जिज्ञासा होगी कि आखिर अयोध्या में क्या है जो नरेन्द् मोदी को यहाँ आने के लिए विवस कर दिया है।मै आप को परेशान ना करते हुए अयोधया के बारे कुछ बताने का प्रयास कर रहा हूँ।बीते वर्ष 2023 के अन्तिम तीन दिनो तक मुझे भी अयोध्या को नजदीक से देखने का मौका स्वर्णिम अवसर मिला।भारत की प्राचीन नगरियों में से अयोध्या एक है।

इसका उल्लेख पौराणिक ग्रंथों में मिलता है।हिंदु धार्मिक ग्रंथों में सप्त पुरियों इस प्रकार है- अयोध्या , मथुरा, माया(हरिद्वार), काशी, कांची, अवंतिका (उज्जयिनी) और द्वारका में शामिल किया गया है।अयोध्या को अथर्ववेद में ईश्वर का नगर बताया गया है। स्कंदपुराण के अनुसार अयोध्या शब्द अ कार ब्रह्मा,य कार विष्णु है तथा ध कार रुद्र का स्वरूप है।अयोध्या नगरी में कई महान योद्धा,ऋषि-मुनि और अवतारी पुरुष हो चुके हैं।भगवान श्रीराम ने भी यहीं जन्म लिया था।वही जैन मत के अनुसार यहां आदिनाथ सहित 5 तीर्थंकरों का जन्म हुआ था।अयोध्या की गणना भारत की प्राचीन सप्तपुरियों में प्रथम स्थान पर की गई है।जैन परंपरा के अनुसार भी 24 तीर्थंकरों में से 22 इक्ष्वाकु वंश के थे।इन 24 तीर्थंकरों में से भी सर्वप्रथम तीर्थंकर आदिनाथ (ऋषभदेव जी) के साथ चार अन्य तीर्थंकरों का जन्मस्थान भी अयोध्या ही है। बौद्ध मान्यताओं के अनुसार बुद्ध देव ने अयोध्या अथवा साकेत में 16 वर्षों तक निवास किया था।अयोध्या नगरी की स्थापना सरयू नदी के तट पर बसे इस नगर की रामायण अनुसार विवस्वान(सूर्य)के पुत्र वैवस्वत मनु महाराज द्वारा स्थापना की गई थी।माथुरों के इतिहास के अनुसार वैवस्वत मनु लगभग 6673 ईसा पूर्व हुए थे।ब्रह्माजी के पुत्र मरीचि से कश्यप का जन्म हुआ।कश्यप से विवस्वान और विवस्वान के पुत्र वैवस्वत मनु थे ।वैवस्वत मनु के10 पुत्र- इल,इक्ष्वाकु,कुशनाम,अरिष्ट,धृष्ट,नरिष्यन्त,करुष,महाबली, शर्याति और पृषध थे। इसमें इक्ष्वाकु कुल का ही ज्यादा विस्तार हुआ। इक्ष्वाकु कुल में कई महान प्रतापी राजा,ऋषि,अरिहंत और भगवान हुए हैं। इक्ष्वाकु कुल में ही आगे चलकर प्रभु श्रीराम हुए।अयोध्या पर महाभारत काल तक इसी वंश के लोगों का शासन रहा।पौराणिक कथाओं के अनुसार ब्रह्मा से जब मनु ने अपने लिए एक नगर के निर्माण की बात कही तो वे उन्हें विष्णुजी के पास ले गए।विष्णुजी ने उन्हें साकेत धाम में एक उपयुक्त स्थान बताया।विष्णुजी ने इस नगरी को बसाने के लिए ब्रह्मा तथा मनु के साथ देवशिल्पी विश्वकर्मा को भेज दिया।इसके अलावा अपने रामावतार के लिए उपयुक्त स्थान ढूंढने के लिए महर्षि वशिष्ठ को भी उनके साथ भेजा।मान्यता है कि वशिष्ठ द्वारा सरयू नदी के तट पर लीलाभूमि का चयन किया गया,जहां विश्वकर्मा ने नगर का निर्माण किया।स्कंदपुराण के अनुसार अयोध्या भगवान विष्णु के चक्र पर विराजमान है। उत्तर भारत के तमाम हिस्सों में जैसे कौशल, कपिलवस्तु, वैशाली और मिथिला आदि में अयोध्या के इक्ष्वाकु वंश के शासकों ने ही राज्य कायम किए थे। अयोध्या और प्रतिष्ठानपुर (झूंसी) के इतिहास का उद्गम ब्रह्माजी के मानस पुत्र मनु से ही सम्बद्ध है। जैसे प्रतिष्ठानपुर और यहां के चंद्रवंशी शासकों की स्थापना मनु के पुत्र ऐल से जुड़ी है, जिसे शिव के श्राप ने इला बना दिया था,उसी प्रकार अयोध्या और उसका सूर्यवंश मनु के पुत्र इक्ष्वाकु से प्रारम्भ हुआ। .अयोध्या रघुवंशी राजाओं की बहुत पुरानी राजधानी थी।पहले यह कौशल जनपद की राजधानी थी।प्राचीन उल्लेखों के अनुसार तब इसका क्षेत्रफल 96 वर्ग मील था। बाल्मीकि रामायण के 5वें सर्ग में अयोध्या पुरी का वर्णन विस्तार से किया गया है। भगवान श्रीराम के पुत्र कुश ने एक बार पुन- राजधानी अयोध्या का पुनर्निर्माण कराया था।इसके बाद सूर्यवंश की अगली 44 पीढ़ियों तक इसका अस्तित्व बरकरार रहा।

सुविचार

**अज्ञानता और विचार हीनता मानवता के विनाश के दो सबसे बड़े कारण है।**

**- जॉन टिलोटसन**

राशिफल

**मेष** आज आप मानसिक शान्ति का अनुभव करेंगे। आपका व्यवहार सभी के साथ संतुलित रहेगा। पिछले दिनों से आ रही समस्याओं का समाधान होगा।

**वृष** आज का दिन शुभ रहेगा। आज का दिन राहत भरा रहेगा। कार्यक्षेत्र में जो भाग दौड़ उठा पटक बनी हुई थी आज उससे आपको राहत मिलेंगे।

**मिथुन** आज का दिन मिलाजुला रहने वाला है, आज आप आत्मविश्वास की कमी महसूस कर सकते हैं। नौकरी व्यापार के लिए आज का दिन बहुत अच्छा नहीं है।

**कर्क** आज का दिन सामान्य रहेगा।कार्यक्षेत्र में सफलता हासिल होगी किंतु जल्दबाजी में लिया निर्णय नुकसानदेह साबित हो सकता है सोच समझकर निर्णय लें।

**सिंह** आज आपका दिन मिलाजुला रहेगा। आज का दिन भागदौड़ भरा रह सकता है। काम की अधिकता की वजह से मानसिक तनाव उभर सकता है।

**कन्या** आज आपका दिन उलझनों से भरा रह सकता है।कार्यालय में ऑफिस पॉलिटिक्स में फंस कर आपकी छवि धूमिल हो सकती है। सावधानी बरतें।

**तुला** आज का दिन शुभ फलदायी है। आज किस्मत आपका पूरा पूरा साथ देगी। आज आप सकारात्मक रहेंगे। जिस काम को आज हाथ में लेंगे उस में सफलता प्राप्त होगी।

**वृश्चिक** आज आपका दिन सामान्य से बेहतर रहेगा।आज का दिन शांतिपूर्वक बिताने की सलाह दी जाती है। बेवजह किसी से न उलझें और क्रोध पर नियंत्रण रखें।

**धनु** आज आप अपने आप को ढीला-ढाला महसूस कर सकते हैं। दिन की शुरुआत ही आलस भरी रहेगी। शरीर में सुस्ती छाई रहेगी।

**मकर** आज आपका दिन मिलाजुला रह सकता है। व्यक्तिगत जीवन के लिए खास रहेगा। जबकि, प्रोफेशनल जीवन में परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।

**कुंभ** आज का दिन आपके लिए शुभ साबित होगा। आज आप स्वयं को आत्मविश्वास से भरपूर पाएंगे। सूर्यदेव आपके कर्म स्थान पर संचरण करने जा रहे हैं।

**मीन** नौकरी व्यापार में विशेष रुचि लेंगे पुराने अटके काम आज पूरे करेंगे। आर्थिक दृष्टि से आज का दिन खास रहेगा धन लाभ के अवसर हाथ आएंगे।

# नजर लागी राजा तोरे बंगले पर

1958 में एक फिल्म आई थी काला पानी जिसमें देव आनंद नायक और नलिनी जयवंत नायिका थी, इसका एक गाना जो मजरूह सुल्तानपुरी ने लिखा था और जिसका संगीत सचिन देव बर्मन ने दिया था बड़ा ही मशहूर हुआ था और आज भी लोग उस गाने को गुनगुनाते हैं गाने के बोल थे नजर लागी राजा तोरे बंगले पर । मध्य प्रदेश में जब से भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनी है तब से तमाम मंत्री और विधायकों पर यह गाना पूरी तरह से फिट बैठ रहा है, हर कोई अच्छा बांग्ला चाहता है लेकिन दिक्कत ये है की जो चुनाव हार चुके हैं वे बंगला खाली करने तैयार नहीं, ऐसे सुविधा संपन्न बंगले उन्हें और कहां मिल पाएंगे सो कब्जा जमाए बैठे हैं इधर जो नए मंत्री और विधायक जीत के आए हैं उन सब की निगाहें उन बड़े-बड़े बंगलो पर है वे बेचारे रोज एप्लीकेशन पर एप्लीकेशन दे रहे हैं कि बंगला एलॉट कर दो लेकिन जब बंगला खाली हो तब तो अलॉटमेंट होगा । हाल ये है कि अभी 22 बंगले खाली हुए हैं लेकिन उसमें चाहने वालों की संख्या 84 है यानी एक बंगले को चाहने वाले चार लोग हैं ये तो वही बात हुई जो हरिशंकर परसाई की एक बड़ी मशहूर कहानी एक हसीना पांच दीवाने में थी कुछ मंत्री तो बेचारे अभी अपने-अपने डिपार्टमेंट के रेस्ट हाउस में अपना बोरिया बिस्तर जमाए बैठे हैं कि कब खाली हो बंगला और वे उसमें शिफ्ट हो जाए लेकिन ना तो सरकार कब्जा जमाए नेताओं से बंगला खाली करवा पाने में अपने आप को सक्षम पा रही है और ना ही नए मंत्री और विधायक अभी इतने दमदार हुए हैं कि वे जाकर बंगले पर कब्जा कर लें, बंगले की यह लड़ाई कब तक चलेगी यह कहना बड़ा मुश्किल है वो तो अच्छा हुआ मामा जी ने अपना मुख्यमंत्री वाला बंगला खाली कर दिया वरना नए मुख्यमंत्री डॉक्टर साहब को भी कहीं अपना आशियाना जमाना पड़ जाता। वैसे भी नेताओं और अफसर में बंगला ना छोड़ने की पुरानी आदत है एक बार जो जम गए तो भले ही तो तबादला क्यों ना हो जाए वे बंगला नहीं छोड़ते आने वाला कहीं भी रहे उससे उनका कोई लेना देना नहीं । सुना है कि इस मसले पर अपने मुख्यमंत्री कुछ स्ट्रिक्ट एक्शन लेने वाले हैं आगे पता लग पाएगा कि ये एक्शन क्या है और इसका फल कुछ निकलता है या नहीं, नए मंत्री विधायक रोज इस बात का रास्ता देख रहे हैं कि उन्हें सरकार की तरफ से सूचना मिलेगी कि हुजूर लीजिए आपका बंगला हमने खाली करवा दिया है आपका जो कुछ भी समान है उसमें शिफ्ट करवा दें लेकिन पूरा दिन निकल जाता है कोई खबर कहीं से नहीं आती । अब जब भी उन बंगलों के सामने से निकलते हैं तो बस उनके दिलों दिमाग में बस ये शब्द गूंजते हैं हम इंतजार करेंगे कयामत तक, खुदा करे कि कयामत हो और तू खाली हो जाएअब यह इंतजार कब खत्म होता है और पुराने नेताओं को इन बंगलो से खदेड़ा जाता हैं इसका इंतजार इन नए नवेले मंत्रियों और विधायकों के अलावा अपने को भी है। कितने सपने देखे थे, और कितनी मेहनत भी की थी, प्रदेश की महिलाओं के लिए कर्ज पर कर्ज लेकर खजाना खोल दिया था पूरी आशा थी कि एक बार फिर ऊपर वाले उन्हें मुख्यमंत्री की गद्दी सौंप देंगे । दौड़-दौड़ कर, भाग भाग कर पार्टी को जिताने के लिए रात दिन एक कर दिया लेकिन जब मौका आया तो हाथ के तोते उड़ गए उनकी जगह दूसरे नेता को पार्टी ने गद्दी पर बैठा दिया, सत्ता जब छिन जाती है तब दर्द तो होता है और फिर मामा जी का दर्द तो असहनीय हो गया है, कहीं जनता दरबार लगा रहे हैं तो कहीं लोगों से उनकी समस्याओं के बारे में जानकारी ले रहे हैं तो कभी बयान दे रहे हैं कि कई बार राजतिलक होते-होते वनवास पर भी जाना पड़ता है ।अपना दर्द कहें तो कहें किससे, खबर तो ये थी कि मामा जी को हो सकता है केंद्र में एडजस्ट कर लिया जाए या फिर संगठन में कोई बड़ी पोस्ट दे दी जाए लेकिन मामा जी की किस्मत ने ऐसा पलटा खाया की 17 साल के मुख्यमंत्री काल के बाद खाली विधायक बनकर रह गए।



लेखक- चैतन्य भट्ट

अध्यात्म

# जीना और मरना

**जिस भांति हम जीते हैं, उसे जीवन नाममात्र को ही कहा जा सकता है। हमे न जीवन का पता है; न जीवन के रहस्य का द्वार खुलता है। न जीवन के आनंद की वषा होती है; न हम यह जान पाते हैं कि हम क्यों जी रहे हैं, किसलिए जी रहे हैं? हमारा होना करीब-करीब न होने के बराबर होता है। किसी भांति अस्तित्व ढो लेते हैं, जीवित रहते हुए मुर्दे की भांति। लेकिन ऐसा भी होता है कि मरते क्षण में भी कोई जीवंत होता है कि उसकी मृत्यु को भी हम मृत्यु नहीं कहते। बुद्ध की मृत्यु को हम मृत्यु नहीं कह सकते हैं और अपने जीवन को हम जीवन नहीं कह पाते हैं। कृष्ण की मृत्यु को मृत्यु कहना भूल होगी। उनकी मृत्यु को हम मुक्ति कहते हैं। उनकी मृत्यु को हम जीवन से और महाजीवन में प्रवेश कहते हैं। उनकी मृत्यु के क्षण में कौन-सी प्रांति घटित होती है, जो हमारे जीवन के क्षण में भी घटित नहीं हो पाती। किस मार्ग से वे मरते हैं कि परम जीवन को पाते हैं। और किस मार्ग से हम जीते हैं कि जीवत रहते हुए भी हमें जीवन की कोई सुगंध का भी पता नहीं पड़ता है। जिसे हम शरीर कहें, वह हमारे लिए कब्र से ज्यादा नहीं है, एक चलती-फिरती कब्र। और यह लंबा विस्तार जन्म से लेकर मृत्यु तक, बस आहिस्ता-आहिस्ता मरते जाने का ही काम करता है। ऐसे रोज-रोज और मौत के करीब पहुंचते हैं। हमारी सारी यात्रा मरघट पर पूरी हो जाती है। जीने का सब कुछ निर्भर है जीने के ढंग पर और मरने का भी सब कुछ निर्भर है मरने के ढंग पर। हमें जीने का ढंग भी नहीं आता। बुद्ध जैसे व्यक्ति को मरने का ढंग भी आता है। कृष्ण ने कहा है, ।।हे अजरुन, जिस काल में शरीर त्यागकर गए योगीजन, पीछे न आने वाली गति और पीछे आने वाली गति को भी प्राप्त होते हैं, उस काल को, उस मार्ग को मैं तुमसे कहूंगा। इसमें दो-तीन बातें समझ लेनी चाहिए। जिस काल में, जिस क्षण में। बड़ा मूल्य है क्षण का, बड़ा मूल्य है काल का। उस क्षण का जिसमें कोई व्यक्ति मृत्यु को उपलब्ध होता है। हमारे भीतर भी एक घड़ी है और भीतर भी क्षणों का हिसाब है।**

कार्टून



# कम से कम लागत में अधिकाधिक लोगों को रोजगार दें - जायसवाल

**भोपाल।** कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री दिलीप जायसवाल ने कहा है कि विभागीय अधिकारी कम से कम लागत में अधिकाधिक लोगों को रोजगार दें और स्वरोजगारी बनने के लिये जरूरतमंदों को विभागीय प्रोत्साहन और सहयोग भी करें। रेशम की खेती से नये किसानों को भी जोड़ा जाए। राज्यमंत्री श्री जायसवाल आज मंत्रालय में विभागीय योजनाओं की समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने निर्देशित किया कि राज्य सरकार के संकल्प पत्र के अनुसार रेशम से समृद्धि योजना के तहत भूमिहीन अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग की ज्यादा से ज्यादा महिलाओं को रेशम की खेती से जोड़कर उन्हें लखपति बनाने के लिये समयबद्ध कार्ययोजना बनाकर कार्य करें। प्रदेश में रेशम की खेती को विशेष रूप से प्रोत्साहित किया जाए शुरूआत में प्रदेश के किसी एक ब्लाक या तहसील की 500 महिलाओं को रेशम की खेती कराकर उन्हें लखपति बनाने का प्रयास करें। इससे बाकी महिलाएँ भी रेशम की खेती से जुड़ने के लिये प्रेरित होंगी। राज्यमंत्री श्री जायसवाल ने आयुक्त रेशम से कहा कि वे रेशम पर्यटन एवं कौशल रोजगार उपयोजना के तहत अधिकाधिक रेशम पर्यटन विकसित करें। इसके तहत रेशम कीट उत्पादन केंन्द्रों, प्रसंस्करण इकाईयाँ फार्म हाउस एवं रेशम विक्रय की संपूर्ण प्रक्रिया के बारे में पर्यटकों को बताया जाए। इससे रेशम उत्पादन के प्रति



जागरूकता और पर्यटन से आय उपार्जन को बढ़ावा मिलेगा। बैठक में सचिव कुटीर एवं ग्रामोद्योग श्री ललित दाहिमा, आयुक्त रेशम श्री मदन नागरगोजे, अवर सचिव कुटीर एवं ग्रामोद्योग श्री जी.एस. आर्य सहित अन्य सभी विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

राज्यमंत्री श्री जायसवाल ने कहा कि रेशम की खेती से किसानों की आय बढ़ाने के लिये सर्वप्रथम उन्हें तकनीकी प्रशिक्षण दें। रेशम उत्पादन के लिये कीट प्राप्त करने, उन्हें विकसित करने और उत्पादन के पश्चात रेशम विक्रय के बारे में किसानों को स्टेप-बाय-स्टेप जानकारी दें, जिससे वे इस दिशा में आगे आएं। प्रदेश में रेशम उत्पादन बढ़ाएँ और अगले एक साल में रेशम का उत्पादन वर्तमान उत्पादन से दोगुना करने के लक्ष्य की दिशा में कार्य करें। बताया गया कि विभाग के पुराने रेशम उत्पादन केन्द्रों को पुनः कार्यशील करने के लिये 196 करोड़ रूपये और नये रेशम उत्पादन केन्द्र विकसित करने के लिये भी बजट की मांग राज्य शासन से की गई है। आयुक्त रेशम ने बताया कि मध्यप्रदेश देश का एकमात्र राज्य है, जहाँ नर्मदापुरम जिले के पचमढ़ी में मलबेरी, टसर, ऐरी और मूंगा रेशम कीट का पालन (उत्पादन) किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि प्राथमिक चरण में प्रदेश के 10 रेशम उत्पादन केन्द्रों को रेशम पर्यटन क्षेत्र के रूप में विकसित करने का प्रयास किया जा रहा है। इन रेशम पर्यटन केन्द्रों में भ्रमण को बढ़ावा देने के लिये एक एप तैयार किया जा रहा है। इच्छुक पर्यटक यहाँ आने के लिये इस एप के जरिये ऑनलाइन बुकिंग करा सकेंगे। उन्होंने जानकारी दी कि ओपन नेटवर्क फॉर डिजिटल कॉमर्स - ओएनडीसी (भारत का देशी अमेजन) के जरिये विभाग किसानों द्वारा उत्पादित रेशम उत्पादों को उनके घरों से एकत्रित कर उत्पादों की विश्वव्यापी मार्केटिंग की जाएगी और विदेशों को रेशम व इससे जुड़े अन्य उत्पादों का निर्यात भी किया जाएगा। मध्यप्रदेश ऐसा नवाचार करने वाला देश का पहला राज्य बनने जा रहा है। उन्होंने बताया कि अनूपपुर जिले की कोतमा तहसील क्षेत्र में शुरूआती तौर पर एक हजार एकड़ भूमि में रेशम कीट एवं उत्पादन केन्द्र प्रारंभ पालन करने की दिशा में ठोस प्रयास किये जा रहे हैं।

# भोपाल में निगम की सीवेज गाड़ियों पर ब्रेक दो ड्राइवर के सपोर्ट में साथी हड़ताल पर

**भोपाल।** भोपाल में नगर निगम की सीवेज गाड़ियों पर सोमवार सुबह ब्रेक लग गया। दो ड्राइवर के सपोर्ट में साथी ड्राइवर हड़ताल पर चले गए। इस कारण 14420 पर कॉल लगाने पर सीवेज गाड़ी नहीं आएगी और सेप्टिक टैंक-सीवेज की सफाई नहीं हो सकेंगी। मध्य प्रदेश शासकीय वाहन चालक यांत्रिक कर्मचारी संघ के बैनरतले ड्राइवरों ने हड़ताल शुरू कर दी। उन्होंने नारेबाजी भी की। उनका कहना है कि सीवेज शाखा के जिन दो ड्राइवरों को बिना किसी कारण काम से हटाया गया है, उन्हें वापस लिया जाए। संघ के सीवेज प्रकोष्ठ अध्यक्ष सुरेशकुमार वर्मा, संगठन के निगम में अध्यक्ष इरफान अलताफ समेत ड्राइवरों ने माता मंदिर के पास डीजल डिपो में प्रदर्शन भी किया।

**200 घरों में हर रोज सेप्टिक टैंक होता है साफ**-सीवेज और सेफ्टिक टैंक साफ करने के लिए शहर में कुल 40 गाड़ियां हैं। टोल फ्री नंबर- 14420 पर कॉल करने के बाद गाड़ी सेप्टिक टैंक साफ करने के लिए पहुंचती हैं। हर रोज



एवरेज 200 घरों का सेप्टिक टैंक साफ होता है। सोमवार को सुबह से ही यह काम बंद है।

**इस वजह से हड़ताल पर गए**-संगठन के पदाधिकारियों का कहना है कि सीवेज शाखा के दो वाहन चालक प्रमोद और जावेद को बिना किसी कारण के गाड़ियों से हटा दिया गया है। उन्हें चार महीने से गाड़ी नहीं दी जा रही है। इन दोनों ड्राइवरों के संबंध में निगम के अधिकारियों से मौखिक और लिखित में बात हो चुकी है। बावजूद उन्हें पुनः पदस्थ नहीं किया गया। इसलिए 7 जनवरी तक उन्हें काम पर बुलाने की मांग की गई थी। निगम ने दोनों ड्राइवरों को लेकर कोई फैसला नहीं लिया। इस कारण शाखा से जुड़े सभी ड्राइवरों ने काम बंद कर दिया।

# कमजोर और निशक्तजनों को विकास की मुख्य धारा से जोड़ा जायेगा- मंत्री कुशवाह

**भोपाल।** सामाजिक न्याय निशक्त कल्याण, उद्यानिकी और खाद्य प्रसंस्करण मंत्री श्री नारायण सिंह कुशवाह ने कहा है कि समाज के कमजोर निशक्तजन को विकास की मुख्य धारा से जोड़ना तथा उद्यानिकी के माध्यम से कृषकों की आय को दोगुना करने के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के लक्ष्य की पूर्ति के लिये राज्य शासन कृतसंकल्पित है। उन्होंने कहा है कि सामाजिक न्याय विभाग सरकार के संकल्प पत्र को प्राथमिकता के साथ लागू करेगी।

मंत्री श्री कुशवाह ने कहा कि सामाजिक न्याय, निशक्त कल्याण विभाग संकल्प पत्र के तहत मुख्यमंत्री कन्यादान योजना की राशि 55 हजार से बढ़ाकर एक लाख 6 हजार करने तथा वरिष्ठ नागरिक, दिव्यांग, विधवा तथा निराश्रित महिलाओं की पेंशन राशि 600 रूपये से बढ़ाकर 1500 रूपये करने का प्रस्ताव राज्य शासन को प्रेषित कर रही है। वित्त विभाग से अनुमति उपरांत प्रस्ताव मंत्रि-परिषद की स्वीकृति के लिये भेजा जायेगा। उन्होंने पदभार ग्रहण करने के साथ उक्त दोनों प्रस्तावों को विभागीय अनुमोदन प्रदान किया। बैठक में विभागीय योजनाओं की समीक्षा के दौरान श्री कुशवाह ने कहा कि वित्त वर्ष के शेष 3 माह में सभी कल्याणकारी योजनाओं का लक्ष्य की शत-प्रतिशत पूर्ति की जायेगी। इसके लिये सभी टीम भावना के साथ कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि योजनाओं के क्रियान्वयन में वित्तीय कठिनाई नहीं आने दी जायेगी। मंत्री श्री कुशवाह ने कहा कि कृषि के साथ उद्यानिकी कृषकों की आय का महत्वपूर्ण घटक है। इसके लिये प्रदेश में एक जिला-एक नर्सरी योजना का प्रभावी ढंग से क्रियान्वयन किया जायेगा। उन्होंने कहा कि शासकीय नर्सरियों को आकर्षक और उपयोगी बनाया जायेगा। जिससे आमजन भी सब्जी और फल-फूलों के उत्पादन की प्रति आकर्षित हो सकेंगे।

# खेलों के उन्नयन के साथ युवा कल्याण की दिशा में भी करें कार्य - मंत्री सारंग

**भोपाल।** खेल एवं युवा कल्याण मंत्री श्री विश्वास कैलाश सारंग ने सोमवार को खेल एवं युवा कल्याण विभाग की समीक्षा बैठक ली। मंत्री श्री सारंग ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत के निर्माण के लिये अभूतपूर्व कार्य हो रहा है। इस लक्ष्य की पूर्ति के लिये युवा शक्ति का विकास होना बेहद आवश्यक है। उन्होंने कहा कि विभाग खेल और खिलाड़ियों के उन्नयन के साथ ही युवा कल्याण की दिशा में भी विशेष ध्यान दें। मंत्री श्री सारंग ने बैठक में विभागीय गतिविधियों की जानकारी लेकर आगामी कार्ययोजना के लिये आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। मंत्री श्री सारंग ने कहा कि खिलाड़ियों को बेहतर से बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करवाना हमारी प्राथमिकता है। खेल में युवाओँ और महिलाओं की भागीदारी को भी सुनिश्चित करना होगा। खेल अधोसंरचना विकास के लिये पीपीई मोड को शामिल करने के लिये कार्य योजना बनाने के निर्देश दिये।

**खेल चिंतन कार्यक्रम'' कर बनाये 5 वर्ष का रोडमैप**-मंत्री श्री सारंग ने विभाग में आगामी 5 वर्ष का रोडमैप तैयार करने के



लिये एक माह के अंदर दो दिवसीय 'खेल चिंतन कार्यक्रम' का आयोजन करने के निर्देश दिये। इस कार्यक्रम में खेल विशेषज्ञों व खिलाड़ियों का समूह बनाकर उनके सुझाव आमंत्रित किये जाये। उनके निष्कर्षों पर विचार कर रोडमैप तैयार किया जाये।

**खेल स्टेडियम के रूप में करें बदलाव**-मंत्री श्री सारंग ने कहा कि हर जिले में खेल स्टेडियम सुनिश्चित करने के लिये सबसे पहले प्रदेश के सभी जिलों के खेल स्टेडियम की मैपिंग की जाये। इसके साथ ही नये खेल स्टेडियमों को ऑर्किटेक्ट विशेषज्ञ की सलाह अनुसार नया स्वरूप दिया जाये, ताकि खिलाड़ियों को अधिक प्लेयिंग स्पेस मिल सके।

**भोपाल में वॉटर स्पोर्टस को मिले बढ़ावा**-मंत्री श्री सारंग ने कहा कि भोपाल के जल स्त्रोतों की पर्याप्त उपलब्धता है, इससे वॉटर स्पोर्ट्स के विस्तार में भी सहायता मिलेगी। उन्होंने कहा कि वॉटर जिससे को बढ़ावा मिलने से पर्यटन भी बढ़ेगा।

**युवाओं से संबंधित अन्य विभागों को भी साथ जोड़ें**-मंत्री श्री सारंग ने कहा कि युवा कल्याण विभाग उच्च शिक्षा, स्कूल शिक्षा, आदिम जाति कल्याण एवं पंचायत विकास विभागों के साथ समन्वय बनाये, जिससे कि युवा को खेल भावना से जोड़ा जा सके। बैठक में अपर मुख्य सचिव श्रीमती स्मिता भारद्वाज, सचिव श्री पी. नरहरि और खेल संचालक श्री रवि कुमार गुप्ता उपस्थित थे।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से सरकार आपके आंगन तक आई है -राज्यपाल पटेल

**भोपाल।** महामहिम राज्यपाल श्री मंगूभाई पटेल एवं उप मुख्यमंत्री श्री जगदीश देवड़ा विकसित भारत संकल्प यात्रा में मल्हारगढ़ विधानसभा क्षेत्र के गांव सूठोद में शामिल हुए। यात्रा के दौरान आयोजित शिविर में महामहिम राज्यपाल ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से सरकार आपके आंगन तक आई है। इसका लाभ जरूर उठाएं। देश इतिहास के महत्वपूर्ण मोड़ पर है। भारत बहुत अच्छे भविष्य की ओर आगे बढ़ रहा है। 21वीं सदी भारत की सदी होगी। भारत विश्व गुरु बनने जा रहा है। उसमें हम सब की भागीदारी होगी। कार्यक्रम के दौरान सांसद श्री सुधीर गुप्ता, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती दुर्गा विजय पाटीदार, जनपद पंचायत अध्यक्ष, ग्राम सरपंच सहित कलेक्टर श्री दिलीप कुमार यादव, पुलिस अधीक्षक श्री अनुराग सुजानिया, सीईओ जिला पंचायत श्री कुमार सत्यम, श्री नानालाल अटोलिया सहित अन्य सभी जनप्रतिनिधि, अधिकारी, कर्मचारी, बड़ी संख्या में ग्रामीण जन, पत्रकार मौजूद थे।

राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि केन्द्र और राज्य शासन द्वारा समाज के सभी वर्गो के लिए योजनाएं संचालित की जा रही हैं। पहले योजनाओं का लाभ लेने के लिए नागरिकों को कार्यालयों में जाना पड़ता था। लेकिन अब संकल्प यात्रा के माध्यम से अधिकारी स्वयं नागरिकों के पास पहुंच कर आवेदन प्राप्त कर रहे हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना के माध्यम से जहां पक्के मकान बनाये जा रहे हैं, वहीं गरीब व्यक्तियों को नि:शुल्क 5 लाख तक का इलाज आयुष्मान भारत निरामय योजना के माध्यम से दिया जा रहा है। 2047 तक विकसित भारत बनाना है। इसमें हम सभी का योगदान आवश्यक है। स्व सहायता समूह से जुड़ने के बाद महिलाएं आत्मनिर्भर बन रही है। समूह की महिलाएं भी अब 15 से 20 हजार महीने के कमा रही है। आजीविका के माध्यम से महिलाओं को विश्वास, साहस, और पैसा मिल रहा हैं।

# खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री राजपूत ने किया पदभार ग्रहण

**भोपाल।** खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने सोमवार को



मंत्रालय स्थित कक्ष में विधि-विधान से पूजाकर पदभार ग्रहण किया। इस अवसर पर पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष सागर श्रीमती सविता सिंह राजपूत, स्टेट वेयर हाउसिंग एवं लॉजिस्टिक कार्पोरेशन के अध्यक्ष श्री राहुल सिंह लोधी, अपर मुख्य सचिव खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण श्रीमती स्मिता गाठे भारद्वाज, स्टेट सिविल सप्लाई कार्पोरेशन के प्रबंध संचालक श्री तरूण पिथोड़े सहित स्टेट वेयर हाउसिंग एवं लॉजिस्टिक कार्पोरेशन एवं स्टेट सिविल सप्लाई कार्पोरेशन के सभी अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे। मंत्री श्री राजपूत ने पदभार ग्रहण के बाद अधिकारियों से परिचय प्राप्त करते हुए कहा कि सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत शासन की योजनाओं का पूरा लाभ अंतिम पंक्ति के अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाने पर कार्य करें। उन्होंने वितरित किये जा रहे खाद्यान्न की प्रभावी रूप से गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने के साथ ही धान उपार्जन, कृषकों को उनकी उपज का भुगतान पारदर्शी व्यवस्था से शीघ्र-अतिशीघ्र करने के निर्देश दिए। मंत्री श्री राजपूत ने कहा कि विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की लापरवाही सहन नहीं की जायेगी। उन्होंने कहा की मैदानी स्तर पर किसी भी प्रकार के शिकायत को गंभीरता से लिया जायेगा तथा दोषी अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जायेगी। मंत्री श्री राजपूत ने निर्देश दिए हैं कि विभागीय योजनाओं का प्रचार-प्रसार प्रमुखता से किया जाये ताकि आम जनता को ज्यादा से ज्यादा लाभ प्राप्त हो सके।



# उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल से राज्यमंत्री पटेल ने सौजन्य भेंट की

**भोपाल।** उप मुख्यमंत्री श्री राजेंद्र शुक्ल से राज्य मंत्री लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग श्री नरेंद्र शिवाजी पटेल ने सौजन्य भेंट की। राज्यमंत्री श्री पटेल विभागीय बैठक में शामिल हुए। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने विभागीय विषयों की समीक्षा की एवं आवश्यक निर्देश दिये। राज्य मंत्री श्री पटेल ने विभागीय अधिकारियों से परिचय प्राप्त किया। बैठक में अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य श्री मो. सुलेमान, आयुक्त स्वास्थ्य डॉ सुदाम खाड़े सहित विभागीय वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# जनजातीय विशिष्ट आवासीय विद्यालयों की प्रवेश परीक्षा के आवेदन की तिथि 10 जनवरी तक बढ़ी

**भोपाल।** जनजातीय कार्य विभाग द्वारा संचालित प्रदेश के विशिष्ट आवासीय विद्यालयों में कक्षा 6वीं की 8447 सीटों की प्रवेश परीक्षा के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 8 जनवरी से बढ़ाकर 10 जनवरी की गई है। एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय, कन्या शिक्षा परिसर और आदर्श आवासीय विद्यालय में प्रवेश के लिये 11 फरवरी 2024 को सुबह 10 बजे परीक्षा आयोजित होगी। प्रवेश-पत्र 29 जनवरी से डाउनलोड किए जा सकेंगे।

# तीन युवतियों को टक्कर मारकर गिरा बाइक चालक, मौत, काम कर घर लौट रहा था युवक

**भोपाल।** भोपाल के कोलार इलाके में स्थित राजहर्ष कॉलोनी आईकॉन मेरी इंडियन के सामने रविवार की रात तेज रफ्तार बाइक सवार ने तीन युवतियों को टक्कर मार दी। इसके बाद बाइक चालक स्लिप होकर सड़क पर ही गिर गया। इससे उसके सिर में गंभीर चोट आई थी। हादसे में घायल युवक को इलाज के लिए हमीदिया अस्पताल लाया गया। जहां सोमवार तड़के सुबह साढ़े चार बजे इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। घायल युवती की ओर से मृतक बाइक चालक के खिलाफ देर रात प्रकरण दर्ज कराया गया था। युवक की मौत के बाद पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

**घर लौटते समय हुआ हादसा**-मृतक के बड़े भाई गुलाब ने बताया कि कैलाश उर्फ इलाब जामोद (26) निवासी ग्राम सरवर रातीबड़ में रहता था। वह लेबर वर्क (मजदूरी) करता था। रविवार की रात करीब साढ़े नौ बजे काम से घर लौट रहा था। इसी बीच राजहर्ष



कॉलोनी आईकॉन मेरी इंडियन के सामने उसकी बाइक स्लिप हो गई। हादसे के बाद गंभीर घायल हालत में उसे हमीदिया अस्पताल पहुंचाया गया था। रात करीब 11:30 बजे पुलिस ने उसके घायल होने की सूचना दी। इलाज के दौरान सोमवार तड़के सुबह उसकी मौत हो गई।

**मृतक के खिलाफ FIR दर्ज**-मामले की जांच कर रहे एएसआई संतोष कुमार ने बताया कि कैलाश हादसे के समय तेज रफ्तार में बाइक चला रहा था। आईकान मेरी इंडिया के सामने उसने सड़क पर टहल रही तीन युवतियों को टक्कर मारी। इसके बाद उन्हीं के सामने बाइक से स्लिप होकर गंभीर रूप से घायल हो गया। तेजी व लापरवाही से वाहन चलाकर टक्कर मारने के मामले मे घायल अनुष्का सिंह की शिकायत पर एफआईआर दर्ज की गई है। शव का हमीदिया स्थित मर्चुरी में पीएम कराया जा रहा है।

**तीन बच्चों का पिता था**-कैलाश की आठ साल पहले शादी हुई थी। उसकी तीन बच्चे गीत (7) शीतल (5) और तीन वर्ष की एक बेटी है। उसकी सुनीता है, पति की मौत की सूचना मिलते ही पत्नी का रो-रोकर बुरा हाल है। वहीं पुलिस का का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है।

# पहली बार गाँव-गाँव पहुँच रही भारत सरकार - ग्रामीण विकास मंत्री पटेल

**भोपाल।** प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा में आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित किया। उन्होंने विभिन्न राज्यों के लाभांवित हितग्राहियों से संवाद कर उनके जीवन में आए परिवर्तन को जाना। प्रधानमंत्री श्री मोदी के सजीव उद्बोधन को पंचायत एवं ग्रामीण विकास, श्रम मंत्री श्री प्रह्लाद सिंह पटेल ने विदिशा की ग्राम पंचायत बरखेड़ा-कछवा के ग्रामीणों के साथ बैठकर सुना। ग्रामीण विकास मंत्री श्री पटेल ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी की गारंटी गाँव, गरीब, किसान, युवा और महिलाओं के जीवन में बदलाव की बयार लेकर आयी है। इसका लाभ आने वाली पीढ़ी को भी मिले, इसके लिये प्रत्येक पात्रताधारी वंचित व्यक्ति को लाभान्वित करने के उद्देश्य से विकसित भारत संकल्प यात्रा की गाड़ी गाँव-गाँव पहुँच रही है। पहली बार भारत सरकार गाँव-गाँव पहुँच रही है। ग्रामीण विकास मंत्री श्री पटेल विदिशा जिले की ग्राम पंचायत बरखेड़ा-कछवा में आयोजित कार्यक्रम में विकसित भारत संकल्प यात्रा के संदेश को रेखांकित कर रहे थे। उन्होंने कार्यक्रम में हितग्राहियों को हितलाभ भी वितरित किये। ग्रामीण विकास मंत्री श्री पटेल ने कहा कि सरकार गाँव-गाँव तक सीधे पहुँचकर हितग्राहियों को हितलाभ प्रदान कर रही है। पूर्व में लाभांवित हो चुके हितग्राही विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान अपने जीवन में आये बदलाव को स्वयं अपनी जुबानी बताकर अन्य लोगों को अभिप्रेरित कर रहे है। मंत्री श्री पटेल ने कहा कि शत-प्रतिशत गाँव के हितग्राही लाभांवित हो उन्हें उन तमाम योजनाओं का लाभ मिले, जो उनके हित में केन्द्र व राज्य सरकार के द्वारा संचालित की जा रही है। उन्होंने जन-प्रतिनिधियों से कहा कि वे इस प्रकार के आयोजनों से सभी अवगत होकर अन्य छूट गये पात्रताधारियों को लाभान्वित करने के लिये आगे बढ़कर कार्य करें।

# भोपाल के इज्तिमा मार्केट में आई इलेक्ट्रिक जैकेट, 16 मिनट में चार्ज, कड़ाके की ठंड में घंटों मिलती है राहत

**भोपाल।** भोपाल में शीतलहर चल रही है। सर्द हवाओं से लोग ठिठुरते नजर आ रहे हैं। इस बीच शहर के इज्तिमा मार्केट में एक ऐसी जैकेट आई जो मिनटों में सर्दी को छूमंतर कर देगी। यह इलेक्ट्रिक जैकेट प्लग लगाने से गर्म हो जाती है। जिसे लेकर बिहार के रहने वाले आलम भोपाल पहुंचे हैं। उनका कहना है कि इस जैकेट के 300 से अधिक पीस हैं, जो भोपाल के लोगों को पसंद आ रहे हैं।

**ऐसे करती है काम**-इलेक्ट्रिक जैकेट के 2-3 हीटिंग जोन हैं, जो इसे अलग-अलग जगहों से गर्म करते हैं। इसके अलावा इस जैकेट में टेम्प्रेचर सेटिंग ऑप्शन भी मिलता है। जैकेट व्यापारी मोहम्मद आलम ने बताया कि इसके लिए किसी भी सामान्य मोबाइल चार्जर का एडॉप्टर यूज करना होता है। करीब 16 मिनट में चार्ज हो जाती है, और घंटों चलती है। इसमें ठंडी जगहों पर इस्तेमाल होने वाली वॉर्मर टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल किया है।



**रोजाना बेच रहे 25 से अधिक जैकेट**-आलम ने बताया कि वह रोजाना 25 से अधिक जैकेट बेच रहे हैं। यह जैकेट आपने आप में खास है। माउथ पब्लिसिटी से लोगों को इसके बारे में पता चल रहा है। इसकी हमने कीमत 400 रुपए रखी है। इसे हम दिल्ली के व्यापारियों से खरीदकर भोपाल लाए हैं। हालांकि इसकी असल कीमत 5 से लेकर 10 हजार तक होती है। यह आम तौर पर ठंडी जगहों पर रहने वाले लोगों के लिए होती है।

**ऑनलाइन कीमत 8 से 14 हजार रुपए**-इस तरह की अनेक जैकेट कई ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर मौजूद हैं। इसकी कीमत 8 से 14 हजार तक है। इसमें 2 से 5 हीटिंग जोन हैं। व्यापारियों की माने तो यह चीन की तकनीक है। जो इन दिनों इंडिया के इन शहरों में खास तौर पर बिक रहीं हैं, जहां पर सर्दी अधिक है या शीतलहर चल रही है। इन इलेक्ट्रिक जैकेट के फ्रंट और बैक में कुल मिलाकर 5 कार्बन फाइबर हीटिंग पैड्स दिए गए हैं जो आपको गर्मी का एहसास कराएंगे। हीटिंग लेवल को एडजेस्ट करने के लिए इसमें तीन टेंपरेचर सेटिंग भी दी गई हैं, जिन्हें आप जैकेट में दिए एलईडी बटन को दबाकर एडजस्ट कर सकते हैं।

# आदिवासी बाहुल क्षेत्रों में आँगनवाड़ी खोलने के लिये प्राथमिक सर्वे करें- मंत्री सुश्री भूरिया

**भोपाल।** महिला बाल विकास मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया ने विभागीय समीक्षा में आदिवासी बाहुल क्षेत्रों मे आंगनवाड़ी खोलने के लिये



प्राथमिक सर्वे करने के निर्देश दिए है। उन्होंने कहा कि इन क्षेत्रों में बच्चे दूरस्थ क्षेत्रों में बने स्कूलों मे जाते है। आँगनवाड़ी की व्यवस्था होने से प्राथमिक शिक्षा आसान होगी। मंत्री सुश्री भूरिया ने कहा कि औद्योगिक शहरी क्षेत्र मे कामकाजी महिलाओं के 6 माह से 6 वर्ष के बच्चे की बेहतर देखभाल के लिये आंगनवाड़ी सह पालना केन्द्र संचालित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि 52 जिलों मे 448 आंगनवाड़ी सह पालना के प्रस्ताव भारत सरकार से अनुमोदित है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री की मंशानुसार 10 से 15 जनवरी तक महिला सशक्तिकरण सप्ताह पूरे प्रदेश मे मनाया जायेगा। इसके तहत 12 जनवरी को सभी बालक-बालिका गृह आंगनवाड़ी केन्द्र पर योगाभ्यास किया जायेगा। इसके अतिरिक्त विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन भी किया जायेगा। प्रमुख सचिव महिला बाल विकास श्रीमती दीपाली रस्तोगी ने जानकारी दी कि राष्ट्र शिक्षा नीति 2020 के प्रावधानों के अनुरूप मध्यप्रदेश शाला पूर्व शिक्षा नीति-2022 अप्रैल 2022 से जारी है।

समय

सीधी, मंगलवार 9 जनवरी 2024

# स्थानीय बेरोजगारों को रोजगार की मांग को लेकर घंटो बंद रहा एनसीएल मुख्यालय का गेट

## आप जिलाध्यक्ष ने लगाये गंभीर आरोप-कलिंगा के अधिकारी डेढ़ से दो लाख रूपय लेकर दे रहे बेरोजगारों को रोजगार

समय| वैढ़न,सिंगरौली

सोमवार को आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष राजेश सोनी के नेतृत्व में स्थानीय लोगों एवं विस्थापित/ प्रभावित परिवार के सदस्यों को रोजगार के लिए कई घंटों तक एनसीएल मुख्यालय का मेन गेट को जाम कर बंद करवा दिया गया था। जिलाध्यक्ष राजेश सोनी ने बतायाा की पिछ्ले 15 दिसम्बर को ज्ञापन दिया गया था,जिसमें मांग की गयी थी कि स्थानीय लोगों एवं विस्थापित परिवारों को आउटसोर्सिंग कंपनियों में रोजगार दिया जाए,साथ ही प्रत्येक कंपनी में मेन पावर की क्षमता को सार्वजनिक किया जाए,एवं स्थानीय लोगों को कितने संख्या में रोजगार दिया गया है वो सार्वजनिक किया जाए ताकि रोजगार के नाम पर अवैध वसूली को रोका जा सके।?आप जिलाध्यक्ष राजेश सानी ने कहा कि अमलोरी परियोजना में कार्यरत आउटसोर्सिंग कलिंगा कंपनी के कर्मचारियों के द्वारा खुलेआम रोजगार के नाम पर डेढ़ से दो लाख रूपये





बेरोजगारों से वसूली किया जा रहा है ऐसे लोगों को तत्काल कार्यवाही किया जाए।ड्ढ कई घंटों के बाद एनसीएल प्रबंधन की ओर से टेबल चर्चा के लिए 5 लोगो को बुलाया गया जिसको जिलाध्यक्ष राजेश सोनी ने मना करते हुए कहा कि पूरी बातचीत सार्वजनिक किया जाएगा। बाद में एनसीएल प्रबंधन के ओर से लिखित में 7 दिवस का समय मांगा गया है। कड़ी मशक्कत के बाद धरना प्रदर्शन को खत्म किया गया। जिलाध्यक्ष राजेश सोनी ने बताया कि 7 दिवस में यदि मांगे पूरी नही होता है तो पुनः आउटसोर्सिंग कंपनियों के गेट पर काम बंद हड़ताल व अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन करेंगे। आज के धरना प्रदर्शन में जिलाउपाध्यक्ष अनिता बैस, अखंड सिंह, रामकृपाल सिंह बैस, बीरेंद्र सिंह बैस, जिला सदस्य विजय नारायण शुक्ला, अनिता पनिका, चम्पा देवी वर्मा, अभिषेक तिवारी, शमशेर सिंह, राजू जायसवाल, लालसुन्दर सिंह के साथ कई विस्थापित परिवार एवं सैकड़ों स्थानीय लोग मौजूद रहे।

## ब्रीफ न्यूज

### यातायात पुलिस द्वारा अंबेडकर चौक पर लोगों को यातायात नियमों से किया गया जागरुक



**सिंगरौली।** पुलिस मुख्यालय द्वारा चलाये जा रहें दिनांक 01.01.2024 से 15.01. 2024 तक सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के अतंर्गत विशेष जागरुकता अभियान में आज दिनांक 07.01. 2024 को यातायात पुलिस सिंगरौली के द्वारा अंबेडकर चौक में आने जाने वाले लोगों को यातायात नियमों के संबंध में जानकारी प्रदाय की गई। आम जनता को समझाईस दी गई कि दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट लगाने एवं पीछे बैठने वालों को भी हेलमेट लगाने हेतु वताया गया, एवं चार पहिया वाहनों में सीटबेल्ट लगाने हेतु वताया गया। सभी वाहनों में एचएसआरपी नंम्बर प्लेट लगाने हेतु प्रेरित किया गया। अगर किसी वाहन में एचएसआरपी नंम्बर प्लेट नही लगा है तो 15 जनबरी के बाद चालानी कार्यवाही की जायेगी। वाहनों को निर्धारित गतिसीमा से अधिक न चलायें। शराब पीकर वाहन को न चलायें। सिंगरौली पुलिस अपील करती है कि दो पहिया वाहन में हेलमेट अवश्य लगाये, यातायात नियमों का पालन करें। इस दौरान निरी. आर.पी. मिश्रा, सउनि सुखदायक रावत, सउनि सुरेश शुक्ला, सउनि हॉमिद खॉन, सउनि शिवेन्द्र सिंह, सउनि कुंजलाल पटेल, सउनि अरुण पटेल एवं समस्त यातायात स्टॉप की सराहनीय योगदान रहा।

### विहिप कार्यकर्ताओं के द्वारा घर-घर पहुंचाया जा रहा राम मंदिर का निमंत्रण, पूजित अक्षत का किया जा रहा वितरण



**सिंगरौली।** अयोध्या के राम मंदिर में रामलला के विग्रह की 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के लिए देश भर में अक्षत वितरण किया जा रहा है। इसी क्रम में विश्व हिन्दू परिषद की अगवाई में सिंगरौली जिले के मोरवा में घर-घर अक्षत बांट कर सभी से 22 को अपने शहर, मोहल्ले के मंदिरों में प्राण प्रतिष्ठा उत्सव मनाने का आह्वान किया जा रहा है। रविवार को रामभक्तों की टोली जयश्रीराम के उद्घोष के साथ पूजित अक्षत कलश लेकर पूर्व विधायक रामलल्लू वैश्य के घर पहुँची जहाँ उन्होंने पूर्व विधायक रामलालू वैश्य समेत उनके पुत्र बद्रीनारायण वैश्य को अक्षत संग मंदिर का सूचना पत्रक व रामलला का चित्र दिया। इसके बाद एलआईजी रोड, गायत्री मंदिर रोड आदि स्थानों में भ्रमण कर सैकड़ो लोगों को पूजित अक्षत वितरण किया गया। गौरतलब है कि 15 जनवरी तक श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट द्वारा घर-घर पूजित अक्षत वितरण का अभियान चलेगा। सभी कार्यकर्ताओं को अयोध्या राम मंदिर में पूजित अक्षत, पत्रक व राम मंदिर का चित्र उपलब्ध कराया गया है, जिसे सभी हिंदुओं के घर-घर जाकर बांटना है। इसी क्रम में रविवार को भी सैकड़ो घरों में पहुंचकर संघ व विहिप कार्यकर्ताओं ने पूजित अक्षत व पत्रक पहुंचाए। इस दौरान रजनीश द्विवेदी, कृष्ण मुरारी तिवारी, प्रवीण तिवारी, प्रमोद दिवेदी, रामजी शुक्ला, अनिल झा, जगजीवन अग्रहरी, अरविन्द झा सहित रामभक्त उपस्थित रहे।

### गोल मार्केटजयंत में चलाया गया स्वच्छता अभियान

वैढ़न,सिंगरौली । स्वच्छता की गतिविधि में आज 7 वे दिन सिंगरौली विधायक नगर निगम अध्यक्ष देवेश पाण्डेय नगर निगम के अधिकारी कर्मचारी व्यापारी साथीयों के साथ गोल मार्केट जयंत में चलाया स्वच्छता अभियान ! यह अभियान लगातार जारी रहेगा माननीय विधायक जी निगम अध्यक्ष ने आज कहा की वार्ड ये मुहिमें लगातार जारी रहेगा वार्ड वासियों का अच्छा सहयोग मिल रहा है लोगों में एक स्वच्छता का संदेश दिया साथ ही स्थानीय दुकानदार भाइयों से मुलाकात कर उन्हे भी स्वच्छता में सहयोग देने का आग्रह किया। नगर निगम द्वारा स्वच्छता से संबंधित नम्बर जारी किया गया ।

## वार्ड 31 के सिवरेज निर्माण कार्य का महापौर ने किया निरीक्षण, समय से गुणवत्तापूर्ण कार्य करने के दिये निर्देश

**सिंगरौली।** नगर पालिक निगम सिंगरौली की महापौर श्रीमती रानी अग्रवाल के द्वारा आज वार्ड क्रमांक 31 में सिवरेज निर्माण कार्य का अवलोकन कर उपस्थित अधिकारियो को निर्देश दिया गया कि उक्त कार्य के जल्द से जल्द पूर्ण करे। साथ ही वार्डवासियो की समस्याओं से अवगत होने पश्चात अधिकारियो को निर्देश दिया गया कि वार्ड वासियो के समस्याओं का तत्काल निराकरण कराये।



## घर का ताला तोड़कर चोरी करने वाला आरोपी गिरफ्तार



**सिंगरौली।** बीते दिनों नवानगर थाना क्षेत्र के निगाही में अज्ञात बदमाशों ने घर का ताला तोड़कर सोने चांदी के 75 हजार रूपये के जेवरात चोरी कर लिये थे। मामले की शिकायत पर नवानगर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है?तथा 75 हजार रूपये के जेवरात बरामद किये हैं। मिली जानकारी के अनुसार दिनांक 07.01.2024 को फरियादी राजेन्द्रधर द्विवेदी पिता यज्ञनारायण उम्र 22 वर्ष सा. निगाही के द्वारा रिपोर्ट किया कि 04.01.2024 को दरम्यिानी रात्रि आज्ञात बदमाशों के द्वारा फरियादी के घर का ताला तोड़कर सोने चांदी के जेवरात कीमती 75000 रूपये की चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट पर थाना नवनागर मे अप. क्र 05/23 धारा 457,380 भा.द.वि. का प्रकरण पंजीबध्द कर विवेचना मे लिया गया । तत्काल पुलिस टीम गठित कर ग्राम नंदगांव के संदेही रामकरण बसोर पिता सुखलाल बसोर से पूछताछ किया गया जिसके बताया गया कि शिवकुमार बसोर के साथ चोरी करना बतया आरोपी रामकरण बसोर पिता सुखलाल बसोर निवासी ग्राम नंदगांव के कब्जे से सोने चांदी के जेवरात कीमती 75000 रूपये का जप्त कर आरोपी को पुलिस रिमाण्ड पर भेजा गया। उक्त कार्यवाही मो. यूसुफ कुरैशी (भापुसे) पुलिस अधीक्षक सिंगरौली के कुशल निर्देशन एवं शिव कुमार वर्मा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सिंगरौली, पी.एस. परस्ते सीएसपी विन्ध्यगर के मार्गदर्शन में संपन्न हुयी। कार्यवाही में निरीक्षक कपूर त्रिपाठी, सउनि पिन्टू राय अरविन्द चतुर्वेदी, प्र.आर. अवधलाल सोनी, प्रवीण सिंह राजा ठाकुर, आर अमृत राजपूत, दिलीप धाकड़, अजय यादव का सराहनीय योगदान रहा।

## वीर शहीद सुधाकर सिंह की पुण्यतिथि पर श्रद्धाजलि



**समय, सिंगरौली।** अमर शहीद सुधाकर सिंह के गृहग्राम डढ़िया (चुरहट) में आज उनके 11वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। लांसनायक सुधाकर सिंह व जवान हेमराज सिंह आज ही की तारीख 2013 में जम्मूकश्मीर बार्डर पर ड्यूटी के दौरान शहीद हो गए थे।इस वीभत्स घटना पर समूचे देश में हाहाकार मच गया था।चुरहट विधायक श्री अजय सिंह जी राहुल भइया पारिवारिक सदस्य बतौर उपस्थित थे, तो प्रदेश के तत्कालीन मुखिया शिवराज जी चैहान भी अंत्येष्टि कार्यक्रम में पँहुचे थे। अन्य वीवीआईपीज के अलावा आर्मी चीफ जनरल विक्रम सिंह तथा देश के रक्षा राज्य मंत्री भँवर जीतेन्द्र सिंह भी श्रद्धांजलि अर्पित करने ग्राम डढ़िया पहुचे थे। शहीद सुधाकर सिंह के पिता श्री सच्चिदानंद सिंह के साथ आज श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ व सहकारी बैंक सीधी के पूर्व अध्यक्ष श्री राजेन्द्र सिंह भदौरिया,प्रोफसर बृजेन्द्र सिंह, सूर्यपाल सिंह'राजन', श्री बैजनाथ सिंह, सच्चेलाल सिंह, प्रेम सिंह, रिन्कू सिंह, अनुराग सिंह, पंकज सिंह, बड़ा टीकठ सरपंच सहित गाँव घर के कई पारिवारिक सदस्य शामिल हुए और श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए स्मृतियों को नमन किया।

### प्रधानमंत्री जनमन अभियान की कलेक्टर ने की समीक्षा

## बैगा जनजाति के प्रत्येक व्यक्ति को पात्रतानुसार योजनाओं से लाभान्वित करें : कलेक्टर

**सिंगरौली ।** कलेक्टर अरूण परमार द्वारा प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महा अभियान की विभागवार विस्तृत समीक्षा की गई। कलेक्टर ने कहा कि विशेष पिछड़ी जनजातियों (बैगा) के कल्याण की दिशा में यह अभियान भारत सरकार की दूरदर्शी पहल है। इस अभियान के माध्यम से जिले के सभी बैगा परिवारों को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से शत-प्रतिशत लाभान्वित किया जाना है। इस अभियान की समाप्ति के पश्चात कोई भी पात्र बैगा व्यक्ति योजनाओं के हितलाभ से वंचित नहीं रहे।कलेक्टर ने कहा कि सर्वप्रथम जिले के प्रत्येक बैगा परिवारों की पहचान सुनिश्चित करें। ग्रामवार रजिस्टर संधारित करें जिसमें प्रत्येक बैगा सदस्य के संबंध में जानकारी का उल्लेख करें। साथ ही उसमें शासन द्वारा चिन्हित जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभ के संबंध में भी स्पष्ट उल्लेख करें। कलेक्टर ने कहा कि ऐसे बैगा परिवार जो शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभ



से वंचित है उनके लिए कार्य योजना तैयार कर समय-सीमा में लाभान्वित करायें। कलेक्टर ने कहा कि सभी हितग्राहियों को पात्रतानुसार आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड, पीएम जनधन योजना, पीएम उज्ज्वला योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, पीएम किसान सम्मान निधि, प्रधानमंत्री आवास योजना, नल से जल, शिक्षा, आवास, स्वाथ्य, सड़क आदि योजनाओं से लाभान्वित किया जाना सुनिश्चित करें। वही जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी गजेन्द्र सिंह नागेश के द्वारा उपस्थित अधिकारियो को संबंधित योजना के संबंध में विस्तार से अवगत कराया गया। तथा निर्देश दिये गये कि बैगा परिवारो के लिए हितग्राही मूलक योजनाओं का शत प्रतिशत लाभ मिले इसके लिए दिये गये प्रारूप के अनुसार सर्वेक्षण कर तीन दिवस के अंदर अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करे ताकि कोई भी पात्र बैगा परिवार योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे। उन्होंने कहा कि इस कार्य को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण किया जाना सुनिश्चित किया जाये। बैठक के दौरान अपर कलेक्टर अरविंद झा, संयुक्त कलेक्टर राजेश शुक्ला, संजीव पाण्डेय, आयुक्त नगर निगम सतेन्द्र सिंह धाकरे, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी एन.के जैन, सहायक आयुक्त जन जाति कार्य विभाग संजय खेडकर, एसडीओ वन विभाग एन.के त्रिपाठी, उद्योग प्रबंधक आर.एस मंसूरी, कार्यपालन यंत्री पीएचई सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## श्री राम प्राण प्रतिष्ठा की शोभा यात्रा की बैठक संपन्न



**सिंगरौली।** जिला मुख्यालय स्थित मिश्रा पाली क्लीनिक एवं नर्सिंग होम में श्री हनुमान मंदिर समिति की बैठक बुलाई गई, जिसमें 22 जनवरी को अयोध्या धाम में होने वाली प्रभु श्री राम लला की प्राण प्रतिष्ठा के उत्सव में जिला मुख्यालय में 21 जनवरी को विशाल शोभा यात्रा का आयोजन किया जाएगा। जिसमें श्री राम भक्तों का एकत्रीकरण, श्री राम दरबार झाँकी, शोभा यात्रा, नगर भ्रमण, प्रसाद वितरण समारोह कार्यक्रम की रूप रेखा तैयार की गई। उक्त बैठक में कार्यक्रम प्रमुख गोविंद प्रसाद पाण्डेय, डॉ. ओपी राय, राजाराम केसरी, डॉ. डीके मिश्रा, मिथिलेश मिश्रा, डॉ. सुशील सिंह चंदेल, शिवेंद्र पाण्डेय, रामेश्वर राजू गुप्ता, श्याम नारायण सिंह, जय कुमार पाण्डेय, विवेक कुमार त्रिपाठी, सत्येंद्र पाण्डेय सहित भक्तजन उपस्थित रहे।

# यातायात पुलिस द्वारा एन.सी.एल. कर्मचारी को यातायात नियमों से किया गया जागरुक

समय| सिंगरौली

पुलिस मुख्यालय के निर्देश के पालन में दिनांक 01.01.2024 से 15. 01.2024 तक सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के अतंर्गत यातायात नियमो के प्रति विशेष जागरुकता अभियान में आज दिनांक 08.01.2024 को यातायात पुलिस सिंगरौली के द्वारा केन्द्रीय वर्कशॉप जयंत में जाकर डियूटी में आने वाले समस्त एन.सी.एल. कर्मी को यातायात नियमों के संबध में जानकारी प्रदाय की गई। डियूटी में आने-जाने वाले समस्त अधिकारी कर्मचारी को दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट लगाने एवं पीछे बैठने वालों को भी हेलमेट लगाने हेतु वताया गया,



एवं चार पहिया वाहनों में सीटबेल्ट लगाने हेतु वताया गया, कंपनी में कार्य करते हुये सुरक्षा के सभी उपकरण अनिवार्य रुप से पहनें। कंपनी के अंदर भी वाहनों को निर्धारित गतिसीमा से अधिक न चलायें। शराब पीकर वाहन को न चलायें। साथ ही केन्द्रीय कर्मशाला जयंत के के मुख्य द्वार पर लगे सुरक्षाकर्मी को समझाईस दी गई की दो पहिया वाहनों में विना हेलमेट लगाये व्यक्ति को वर्कशाप के अंदर प्रवेश न दे। सिंगरौली पुलिस अपील करती है कि दो पहिया वाहन में हेलमेट अवश्य लगाये, यातायात नियमों का पालन करें। इस पूरे कार्यक्रम में निरी. आर.पी. मिश्रा, सउनि सुखदायक रावत, सउनि सुरेश शुक्ला,सउनि हॉमिद खॉन, सउनि शिवेन्द्र सिंह, सउनि कुंजलाल पटेल, सउनि अरुण पटेल एवं समस्त यातायात स्टॉप का सराहनीय योगदान रहा।


**कार्यालय कार्यपालन यंत्री, म.प्र. लोक निर्माण विभाग, (भ./स.) सीधी संभाग सीधी**

Website - www.mppwd.gov.in/pwdmp, email-eepwdsidhi@mp.nic.in

नि सू क्र. 09/2023-24 सीधी, दिनांक: 03/01/2024

**निविदा आमंत्रण सूचना**

मध्यप्रदेश के राज्यपाल की ओर से निम्न कार्यों हेतु ऑनलाइन (Online) निविदा समस्त संसोधनों सहित के आधार पर, 'अ' में निविदाकारों, जो केन्द्रीय पंजीयन प्रणाली के तहत लोक निर्माण विभाग में उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत हों, से आमंत्रित की जाती है :-

| ग्रुप क्र. | टेंडर आई.डी. | कार्य का नाम | ठेके की अनुमानित राशि (रु. लाख में) | 1. अमानत राशि 2. नि. प्रपत्र का मूल्य | 1. निविदा आमंत्रण क्रमांक 2. कार्यावधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2024_PWDRB _323570 | उपसंभाग, मझौली अन्तर्गत सरैहा ठकुरान टोला मार्ग, लं. 1.40 कि.मी. एवं नौढ़िया रेस्ट हाउस पहुंच मार्ग लं. 0.40 कि.मी. में मजबूतीकरण का शेष कार्य । लो.नि.वि., सड़क एस.ओ.आर. 25/03/2022 | 20.41 | 1.40820 2.5000 | 1. दसवाँ आमंत्रण 2.02 माह |
| 2 | 2024_PWDRB _323571 | उपसंभाग सीधी अन्तर्गत सेमरिया झगरहा मार्ग लं. 1.60 कि. मी., में बी.टी. नवीनीकरण का कार्य । लो.नि.वि., सड़क एस.ओ.आर. 25/03/2022 | 10.68 | 1.21360 2.2000 | 1. सातवाँ आमंत्रण 2.02 माह |
| | | योग :- | 31.09 | | |

1. ऑन लाइन पोर्टल http://mptenders.gov.in के माध्यम से निविदा प्रपत्र क्रय करने, डाउनलोड एवं निविदा डालने का समय एवं दिनांक 08/01/2024 सुबह 10.30 से 18/01/2024 शाम 5.30 तक है । 2. अमानत राशि, केन्द्रीयकृत पी.डब्लू.डी. पंजीयन, शपथ पत्र, जी.एस.टी.एन. एवं अन्य अभिलेख (लिफाफा-अ), सिर्फ ऑनलाइन अपलोड किये जा सकते है । 3. निविदा से संबंधित सशोधन, समय परिवर्तन आदि की सूचना केवल बेवसाइट के माध्यम से दी जावेगी । 4. विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना व अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाईट पर देखा जा सकता है ।

(सरस्वती प्रसाद तिवारी), कार्यपालन यंत्री
लो.नि.वि. संभाग, सीधी (म.प्र.)

G-22644/23

**पेज 8 का शेष**

### 233 लोगों का निःशुल्क ...

इस सम्पूर्ण महाभियान में मिश्रा पॉली क्लिनिक एवं नर्सिंग होम के वरिष्ठ नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ के एल पांडे, डीपीएम डॉ विजय बैस, वरिष्ठ चिकित्सक डॉ डी प्रसाद, ऑप्टेमेट्रिस्ट आशीष चौबे, ओ टी टेक्नीशियन कपिल देव सिंह, नर्सिंग स्टाफ तारामति, सुनीता शाह एवं संदीप गुप्ता के साथ-साथ, मैनेजर अजय कुमार त्रिपाठी का शिविर को सफल बनाने में विशेष योगदान रहा ।

### लोककलाओं की प्रस्तुति देख झूमे विदेशी...

वहीं बैंगलोर से गौरी श्रीनिवास , दिल्ली से पवित्र वर्मा, इन्दु वर्मा, चेन्नई से अमुधवनन पी, कोलकाता से सोमनाथ मंडल, दिल्ली से शिवकेश मिश्र मौजूद थे। रोशनी प्रसाद मिश्र के निर्देशन में ये यात्रा सफलता पूर्वक संपन्न हुई। नीरज कुंदेर ने कहा, विदेशी मेहमानों को लोककलाओं और कलाकारों से मुखातिब कराना उनके लिए और सीधी रंगमंच परिवार के लिए गौरव की बात है। प्रवीण सिंह चौहान ने कहा कि विदेशी मेहमान सीधी के आवभगत से काफी खुश हुए और जिलेवासियों का धन्यवाद किया।

**स्थानीय युवाओं की भी सहभागिता अहम:** तमाम प्रस्तुतियों के बाद मेहमानों और स्थानीय युवाओं ने वनभोज का आनंद लिया और आदिवासी क्षेत्र के व्यंजनों का स्वाद चखा। इस कार्यक्रम में मध्य प्रदेश निवासी रोहित पाटीदार, सागर दास सहित बाबूलाल कुंदेर, संदीप चौरे,प्रमोद पाण्डेय, तमेका चक्रबर्ती,गौरव अवधिया, रामावतार मिश्र,प्रमेश तिवारी,बाबूलाल मिश्र, भूधर मिश्र,प्रवीण सिंह, नीरज कुंदेर, निशा,अमित, नेहा सिंह कुंदेर, रजनीश जायसवाल,प्रजीत साकेत, प्रहलाद मिश्र सहित कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### छात्रवृत्ति के सभी पोर्टल अतिशीघ्र...

ज्ञापन सौंपने में प्रमुख रूप से विभाग संगठन मंत्री गौरव शुक्ला, नगर मंत्री रितिक शुक्ला, महाविद्यालय अध्यक्ष सौरव मिश्रा, उपाध्यक्ष शिवम पांडे, नवीन तिवारी, महाविद्यालय मंत्री खुशी सिंह, अंजना साहू, रिंकू गुप्ता, प्रकाश, रमन पनिका, धीरेन्द्र सिंह, महाविद्यालय मंत्री खुशी सिंह, आस्था बघेल,अंजना साहू, रिया पांडे प्रिय साहू अनामिका प्रजापति ,लोकेश पनिका, युगदीप, आशीष साहू, ओम पांडे, अतुल बघेल, दियांशु सिंह, आशीष तिवारी, लालता साकेत, प्रदीप यादव,रोहित तिवारी एवं अनेक छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### हेलमेट एवं सीट बेल्ट के बिना उपयोग...

सभी पेट्रोल पंपो में हवा भरने, पीने के पानी,स्वच्छ शौचालय,फर्स्ट एड़ बॉक्स एवं फोन कॉलकी सुविधा हो नोटिस बोर्ड, क्वालिटी एवं क्वांटिटी चेक की सुविधा। अग्निशमन यंत्र रेत से भरी बाल्टी हर समय उपलब्ध होना चाहिये जिससे किसी अप्रिय घटना से बचा जा सके। बड़ी राशि को जमा करने जाते समय विशेष सतर्कता रखे प्रत्येक दिन अलग-अलग समय पर बैंक जाये तथा एक ही वाहन का उपयोग नही करें। कर्मचारी 24 घंटे यूनिफार्म में रहे ताकि आसानी से पहचाना जा सके। जागरूकता संबंधी पम्पलेट/पोस्टर लगवाये, वाहनों के पीछे रेडियम पट्टी लगाने हेतु लोगो को प्रेरित करें बिना नंबर के व्हीकलों में डीजल- पेट्रोल भरते समय विशेष सर्तकता रखे। उक्त एजेण्डा विन्दुओं के अलावा पेट्रोल पंप संचालको के द्वारा भी अपने सुझाव साझा किये गये है जिन पर पुलिस अधीक्षक सीधी ने आश्वस्त किया है कि सुझावों पर पूर्ण रूप से अमल किया जावेगा।

## ब्रीफ न्यूज

### जवाहर नवोदय विद्यालय में प्रवेश चयन परीक्षा 20 को

**सीधी।** प्रभारी प्राचार्य जवाहर नवोदय विद्यालय चुरहट विनीत कुमार शुक्ल ने जानकारी देकर बताया है कि जवाहर नवोदय विद्यालय चुरहट जिला सीधी के कक्षा 06वीं में प्रवेश के लिए चयन परीक्षा का आयोजन जिले के 08 विभिन्न केन्द्रों पर दिनांक 20 जनवरी 2024 को होगा। परीक्षा केन्द्र पर रिपोर्टिंग का समय 10:30 है। अभ्यर्थी प्रवेश पत्र संस्था की वेबसाइट से डाउनलोड एवं प्रिंट कर के परीक्षा मे उपस्थित हों।

### विकसित भारत संकल्प यात्रा के आज होने वाले कार्यक्रम

**सीधी।** नोडल अधिकारी ने जानकारी देकर बताया है कि दिनांक 9 जनवरी 2024 को जनपद पंचायत कुसमी अंतर्गत शा.माध्यमिक शाला परिसर करैल में एवं शासकीय हाईस्कूल परिसर केशलार में शिविर का आयोजन किया जायेगा। इसी प्रकार मझौली अंतर्गत पंचायत कार्यालय परिसर पनिहा में एवं पंचायत कार्यालय परिसर नारो में, सीधी अंतर्गत ग्राम पंचायत भवन पटेहरा खुर्द में, ग्राम पंचायत भवन पटेहरा कला में, ग्राम पंचायत भवन खैरही में एवं ग्राम पंचायत भवन रामगढ़ 2 में तथा रामपुर नैकिन अंतर्गत ग्राम पंचायत भवन पोड़ी में, ग्राम पंचायत भवन नौगवा में, ग्राम पंचायत भवन मडवा में एवं ग्राम पंचायत भवन करौदिया में शिविर का आयोजन किया जायेगा। शिविर प्रात: 10 बजे से शायं 5 बजे तक आयोजित किया जाएगा। यात्रा के दौरान ग्रामीण क्षेत्रों में आयोजित अभियान में आयुष्मान भारत, पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना, दीन दयाल अन्त्योदय योजना राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, पीएम आवास योजना, पीएम उज्जवला योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना, पीएम किसान सम्मान निधि, किसान क्रेडिट कार्ड योजना, पीएम पोषण योजना, हर घर जल जल जीवन मिशन, जनधन योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना, सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, पीएम प्रणाम योजना, नैनो उर्वरक का उपयोग, स्वाइल हैल्थ कार्ड उन्नत कृषि यंत्र वितरण आदि को शामिल किया गया है।

### सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम सम्पन्न

**सीधी।** नेहरू युवा केन्द्र सीधी युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम यातायात थाना सीधी के सभाकक्ष में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डी.डी. सिंह थाना प्रभारी यातायात सीधी रहे एवं कार्यक्रम के अध्यक्ष बुध्दिराज कोल सहायक उप निरीक्षक रहे। कार्यक्रम के आयोजक अर्जुन सिंह ए.पी.एस. नेहरू युवा केन्द्र सीधी ने सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम के बारे में युवाओं को रोड सेप्टी विषय पर प्रशिक्षण को जीवन दान बताया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डी.डी. सिंह थाना प्रभारी यातायात सीधी द्वारा युवाओं को रोड पर चलने टू व्हीलर एवं फोर व्हीलर वाहनो के नियम बाताए और वाहन चालको के लिए निर्देश भी बताए जैसे- वाहन में मूल कागजात एवं ड्राइविंग लायसेंस हमेशा साथ में रखें।

**कुसेड़ा में विकसित भारत संकल्प यात्रा अंतर्गत शिविर का हुआ आयोजन**

# सरकार की जनोन्मुखी योजनाएं समाज के सभी वर्गों के लिए: विश्वामित्र पाठक





**सीधी।** विकसित भारत संकल्प यात्रा सोमवार 8 जनवरी को विधानसभा क्षेत्र सिहावल के ग्राम पंचायत कुसेंडा पहुंची। मोदी की गारंटी वाली गाड़ी का ग्रामवासियों द्वारा बड़े ही गर्मजोशी से स्वागत किया गया। आज के कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संवाद तथा संदेश का लाइव प्रसारण दिखाया गया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम मां सरस्वती जी की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन व माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत हुई। मुख्य अतिथि एवं अन्य अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया एवं स्थानीय कलाकारों एवं छात्राओं द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। विभागीय अधिकारियों द्वारा जनहितैषी योजनाओं के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। स्थानीय लोक कलाकारों द्वारा कला का प्रदर्शन किया गया।

विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक सिहावल विश्वामित्र पाठक ने कहा कि योजनाओं के माध्यम से हितग्राहियों को सरकार आपके द्वार पहुंच कर लाभान्वित कर रही है। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा अनेक क्रांतिकारी योजनाओं के माध्यम से पात्र व्यक्तियों को लाभान्वित किया जा रहा है। प्रधानमंत्री आवास योजना के माध्यम से जहां पक्के मकान बनाए जा रहे हैं वहीं गरीब व्यक्तियों को निःशुल्क 5 लाख तक का उपचार आयुष्मान भारत निरामय योजना के माध्यम से दिया जा रहा है। प्रधानमंत्री मोदी जी सभी की पीड़ा समझते हुए योजनाओं के माध्यम से सबको लाभ देने का कार्य कर रहे हैं। विधायक ने कहा कि मध्यप्रदेश में 16 दिसंबर से विकसित भारत संकल्प यात्रा चल रही है ऐसे जरूरतमंद व पात्र हितग्राही जो किन्हीं कारणों से योजना का लाभ पाने से वंचित रह गए हैं उन तक शासन की योजनाओं का लाभ पहुंचाना और उनके जीवन में खुशहाली लाना ही विकसित भारत संकल्प यात्रा का मुख्य उद्देश्य है। इसमें मोदी जी की गारंटी की गाड़ी से गांव-गांव पंहुचकर योजनाओं की जानकारी दी जा रही है एवं हितलाभ भी वितरित किए जा रहे हैं। विधायक ने कहा कि केंद्र व राज्य शासन द्वारा समाज के सभी वर्गों के लिए योजनाएं संचालित की जा रही हैं। पहले योजनाओं का लाभ लेने के लिए नागरिकों को कार्यालयों में जाना पड़ता था लेकिन अब संकल्प यात्रा के माध्यम से अधिकारी स्वयं नागरिकों के पास पहुंच कर आवेदन प्राप्त कर रहे हैं और पात्रतानुसार लाभ दे रहे हैं। विधायक ने ग्रामीणों की मांग पर कुसेंडा वार्ड 2 रेहड़ा से बारी दक्षिण टोला तक मार्ग निर्माण कराने का, बारी कोठार में सामुदायिक भवन निर्माण, बारी दक्षिण टोला, कुसेंडा पश्चिम टोला में विद्युतीकरण का आश्वासन दिया। साथ ही जल जीवन मिशन के कार्यों पर अप्रसन्नता व्यक्त करते हुए पाइप लाइन शीघ्र बिछाने एवं गुणवत्ता का विशेष ध्यान देने का निर्देश दिए। विधायक ने ऐरा प्रथा, आवारा पशुओं से किसानों की फसलों का हो रहे नुकसान से निजात हेतु तात्कालिक व्यवस्था के लिए पंचायत को निर्देशित किया कि 3 मजदूरों को मवेशियों को चराने में लगाएं। 6 माह बाद मवेशियों के लिए गौअभ्यारण/चारागाह का कार्य कराने का आश्वासन दिया। उन्होंने लोगों से वादा किया कि जनता के हितों का मैं हमेशा ख्याल रखूंगा। कार्यक्रम के अंत में एनआरएलएम एवं स्वसहायता समूहों सहित विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टाल का निरीक्षण किया गया।

उक्त अवसर पर प्रमुखरूप से उपखण्ड अधिकारी एसपी मिश्रा, सीईओ शैलेश पाण्डेय, अमलेश्वर चतुर्वेदी जिला संयोजक, डॉ.राजेश मिश्रा, अखिलेश त्रिपाठी, पुनीत पाण्डेय, विनोद धर द्विवेदी, गजराज सिंह, सुशीला देवी, अशोक शुक्ला, रामलाल विश्वकर्मा, सरोज द्विवेदी, पुनीत सिंह, अर्जुन उपाध्याय, कन्हैयालाल पाण्डेय, राजीव द्विवेदी, दिलीप सोनी, कमलेश द्विवेदी, ओंकार द्विवेदी, सहित विभागों के अधिकारी कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

### बम्हनी विद्यालय में नव वर्ष मिलन समारोह का हुआ आयोजन

**सीधी।** शासकीय हाई स्कूल बम्हनी में गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी दिनांक 8 जनवरी 2024 को संस्था के प्रथम प्राचार्य सतीश कुमार पाण्डेय के मुख्य अतिथि एवं नव पदस्थ प्राचार्य मधुराज सिंह की अध्यक्षता में मां वीणा वादिनी की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर नव वर्ष मिलन समारोह का शुभारंभ किया गया । संस्था के शिक्षकों एवं छात्रों द्वारा मुख्य अतिथि, अध्यक्ष एवं विशिष्ट अतिथियों को बैच लगाया गया एवं संस्था के प्राचार्य श्री पाण्डेय द्वारा सभी शिक्षकों को माल्यार्पण एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। विद्यालय के छात्राओं द्वारा स्वागत गीत की प्रस्तुति दी गई। श्री पाण्डेय द्वारा अपने उद्बोधन में कहा गया कि हमारे विद्यालय के शिक्षकों का सम्मान हमेशा मेरे दिल में सर्वोपरि रहा है। मैं वर्ष 2011 से प्राचार्य के दायित्व का निर्वहन कर रहा हूं। तब से लगातार नव वर्ष मिलन समारोह का आयोजन कर अपने शिक्षक साथियों को डायरी,पेन एवं कैलेंडर देकर के स्वागत किया हूं।उसी परंपरा को कायम रखते हुए आज नव वर्ष मिलन समारोह रखा गया है। जब मेरे शिक्षकों का सम्मान कायम होगा तो निश्चित ही मेरा भी सम्मान कायम रहेगा।

# सीएम हेल्पलाईन में लंबित प्रकरणो का तत्परता से निराकरण कराये विभागीय अधिकारी: परमार

### कलेक्टर ने टीएल में अनुपस्थित सरई सीएमओ को कारण बताओं नोटिस जारी करने के दिए निर्देश



**सिंगरौली।** विभागीय अधिकारी सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों की माइक्रो मॉनीटरिंग कर शिकायतों का तत्परता से निराकरण करें। शिकायतों के निराकरण में कोताही ना बरतें, लापरवाही की दशा में संबंधित अधिकारी कर्मचारी के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। तथा टीएल बैठक में अनुपस्थित रहने वाले अधिकारियों को कारण बताओं नोटिस जारी किया जाये। कलेक्टर द्वारा टीएल में अनुपस्थित सरई सीएमओ को कारण बताओ नोटिस जारी करने का निर्देश कलेक्टर अरूण परमार के द्वारा दिया गया।

बैठक में उपस्थित अधिकारियो को निर्देश देते हुये कलेक्टर ने कहा कि कई विभागो के द्वारा समय सीमा के अंदर सीएम हेल्प में लंबित शिकायतों का निराकरण नही किये जाने के कारण जिले के ग्रेंडिग प्रभावित हो रही है जो अत्यन्त ही खेदजनक है। उन्होंने विभागवार सीएम हेल्प लाईन में लंबित शिकायतो के निराकरण की समीक्षा करने के पश्चात विभागीय अधिकारियो को निर्देश दिये कि 50 दिवस, 100 दिवस 300 दिवस तथा 500 दिवस कि लंबित शिकायतों का विभागीय अधिकारी तत्परता के निराकरण करायें अन्यथा की स्थिति में संबंधित विभागीय अधिकारियो, कर्मचारियो के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जायेगी।

कलेक्टर ने राजस्व अधिकारियो को निर्देश दिये कि राजस्व विभाग से संबंधित सीमांकन, वटनवारा आदि से संबंधित प्रकरणो का निर्धारित समय सीमा में निराकरण सुनिश्चित कराये। उन्होंने शिक्षा विभाग की समीक्षा करते हुये निर्देश दिये कि आगामी बोर्ड परिक्षाओं को दृष्टिगत रखते हुये छात्रो के पठन पाठन का कार्य कराये कराये शिक्षा की गुणवत्ता में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दास्त नही की जायेगी। वही महिला बाल विकास विभाग की समीक्षा करते हुये मातृत्व वंदना योजना सहित विभाग द्वारा संचालित योजनाओं से संबंधित लंबित आवेदनो का त्वारित परीक्षण का हितग्राहियो को लाभ प्रदान करे। कलेक्टर ने धान उपार्जन की समीक्षा करते हुये खरीदी केन्द्रों में संग्रहित किए गए धान का परिवहन कर गोदामों में सुरक्षित रूप से भण्डारित कराने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिए कि जिन खरीदी केन्द्रों में अधिक धान संग्रहित है वहां अतिरिक्त ट्रक लगाकर सुरक्षित भण्डारण कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने उपार्जित धान का दो दिवस में शत-प्रतिशत परिवहन कराकर सुरक्षित भण्डारण कराने तथा धान के परिवहन तथा किसानों को किए गए भुगतान की रिपोर्ट प्रतिदिन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने सभी अनुविभागीय राजस्व अधिकारियों को उपार्जन केन्द्रों मे चल रहे उपार्जन कार्य का निरीक्षण करने तथा किसानों को किसी तरह की कोई समस्या ना हो इसका ध्यान रखने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने बैठक के दौरान यह भी निर्देश दिये कि सभी विभागीय अधिकारी अपने विभागो द्वारा संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं के लाभ से पात्र हितग्राहियो को लाभान्वित कराये। तथा जन प्रतिनिधियों से प्राप्त पत्रो का निर्धारित समय पर जबाव दिया जाना भी सुनिश्चित करे।बैठक के दौरान जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी गजेन्द्र सिंह नागेश, अपर कलेक्टर अरविंद झा, संयुक्त कलेक्टर राजेश शुक्ला, संजीव कुमार पाण्डेय, डिप्टी कलेक्टर माइकेल तिर्की, आयुक्त नगर निगम सतेन्द्र सिंह धाकरे, जिला पंचायत के अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी अनुराग मोदी,तहसीलदार रमेश कोल, प्रीति सिकरवार, खनिज अधिकारी एके राय, जिला परिवहन अधिकारी बिक्रम सिंह राठौर, जिला शिक्षा अधिकारी एसबी सिंह, एलडीएम नितिन पटेल, सहायक आयुक्त जनजाति कार्य विभाग संजय खेडकर, जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अशोक मिश्रा सहित जिलाधिकारी उपस्थित रहे।

# शासकीय स्कूल पनवार सीधी में कालेज चलो अभियान कार्यक्रम सम्पन्न



**सीधी।** कालेज चलो अभियान'' के तहत उच्च शिक्षा विभाग भोपाल के निर्देशानुसार एवं प्राचार्य संजय गांधी स्मृति शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय सीधी के मार्गदर्शन में शासकीय स्कूल पनवार सीधी में कालेज चलो अभियान टीम के संयोजक डॉ. गुलशेर अहमद ने विद्यार्थियों से संपर्क किया और उनके मन में उच्च शिक्षा से संबंधित जिज्ञासाओं का समाधान किया। उन्होंने सभी विद्यार्थियो के प्रश्नो के उत्तर बारी-बारी से दिये और महाविद्यालय की विभिन्न गतिविधियों के बारे में बताए। संचालित कोर्स के बारे अवगत कराते हुए सभी को ज्यादा से ज्यादा उच्च शिक्षा की ओर अग्रसर होने का आह्वान किया जिससे बेहतर भविष्य बना सकते हैं। कालेज चलो अभियान कार्यक्रम के दौरान डॉ.रविन्द्र नाथ सिंह ने महाविद्यालय की खेल गतिविधियो के संबंध मे जानकारी देते हुए पढाई के साथ खेल के महत्व के विषय में अवगत कराया गया। खेलकूद में महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं के उत्कृष्ट प्रदर्शन के विषय में जानकारी दी गई। डॉ. उमाकांत साहू ने एन. सी. सी. के बारे मे जानकारी दी। साथ ही उन्होंने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 से संबंधित छात्रो के प्रश्नों के उत्तर दिए तथा राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में विषय का चयन छात्र किस कर सकते है, की जानकारी प्रदाय की। राष्ट्रीय शिक्षा नीति रोजगार एवं स्वरोजगार के लिए भविष्य मे अत्यंत लाभदायक होगी। डॉ. राम सुरेश भारती ने विभिन्न प्रकार की छात्रवृत्ति पर जानकारी देते हुए बताया कि एन. एस. पी. छात्रवृति अत्यंत महत्वपूर्ण है। अंत में डॉ. रविन्द्र नाथ सिंह ने शासकीय स्कूल पनवार सीधी के प्राचार्य डा. आर.पी. राठिया एवं उपस्थित शिक्षकों, छात्रों का धन्यवाद एवं आभार प्रकट किया।

### एनसीएल के मशीनी बेड़े में शामिल हुए 6 नए विशालकाय मोटर ग्रेडर

**सिंगरौली।** भारत सरकार की मिनीरत्न कंपनी नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एनसीएल) में सोमवार को सीएमडी एनसीएल भोला सिंह ने 6 मोटर ग्रेडर को राष्ट्र को समर्पित किया। इन भारी क्षमता के मोटर ग्रेडर को एनसीएल की जयंत, निगाही, दूधिचूआ व खड़िया खदान में तैनात किया जाएगा। जयंत परियोजना में आयोजित उद्घाटन कार्यक्रम के अवसर पर एनसीएल के निदेशक(कार्मिक), मनीष कुमार, निदेशक (वित्त) रजनीश नारायण, निदेशक(तकनीकी/संचालन), जितेंद्र मलिक, निदेशक (तकनीकी/परियोजना एवं योजना), एसपी सिंह, एनसीएल की परियोजना महाप्रबंधक एवं मुख्यालय के विभागाध्यक्ष सहित विभिन्न अधिकारी एवं कर्मचारीगण के साथ ही ग्रेडर निर्माता कंपनी कैटर्पिलर एवं जेमको के वरिष्ठ सदस्य भी उपस्थित रहे ।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सीएमडी भोला सिंह ने कहा कि एनसीएल उत्पादन, प्रेषण व अधिभार जैसे तीनों पैमानों पर लक्ष्य से आगे प्रदर्शन कर रही है। उन्होने कहा कि एनसीएल ने विगत वर्षों में विभागीय उत्पादन बढ़ाने हेतु अपने मशीनी बेड़े में बड़ी क्षमता के डंपर व शोवेल शामिल किया है। आज यह स्वर्णिम अवसर है कि एनसीएल के इस सुसज्जित मशीनी बेड़े में बड़े पैमाने पर भारी क्षमता के मोटर ग्रेडर भी शामिल हो रहे हैं। नियोजित हो रही इन नई मशीनों से एनसीएल की खदानों की हौल रोड को नई दिशा मिलेगी। साथ ही सुरक्षा के साथ उत्पादकता में भी वृद्धि होगी। उन्होने नई मशीनों के सुरक्षित संचालन व रख-रखाव पर विशेष ध्यान देते हुए परिचालकों के आभाषी एवं अन्य माध्यमों से प्रभावी प्रशिक्षण हेतु आह्वान किया। साथ ही एनसीएल के भारी मशीनी बेड़े का अनूकूलतम उपयोग करते हुए विभागीय उत्पादन को बढ़ाने के भी निर्देश दिये।

# पी.एम. मोदी करेगे विद्यार्थियों से परीक्षा पे चर्चा: प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु रजिस्ट्रेशन प्रारम्भ आनलाईन आवेदन करने की अंतिम तिथि 12 जनवरी

**सीधी।** ए.पी.सी. राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा अभियान डॉ सुजीत कुमार मिश्र ने जानकारी देकर बताया कि प्रतिवर्ष की भॉति इस वर्ष भी सातवीं बार प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की परीक्षा पे चर्चा संवाद अंतर्गत विद्यार्थियों, अभिभावको तथा शिक्षकों से चर्चा करेंगें जिससे कि छात्रों को उनकी सभी लक्ष्यों को पूरा करने में सक्षम बनाया जा सके। परीक्षा पे चर्चा 2024 के निमित्त होने वाली विभिन्न प्रतियोगिताओं के लिये रजिस्ट्रेशन शुरू हो गया है। परीक्षा पे चर्चा में प्रधानमंत्री जी छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों के साथ बातचीत करेंगे और परीक्षा के तनाव से निपटने के मंत्र देंगे। प्रधानमंत्री जी इस संवाद कार्यक्रम के दौरान तनाव को पीछे छोड़ने और परीक्षा के डर को दूर करने तथा परीक्षा को त्योहार की तरह मनाये जाने के टिप्स साझा करेंगे।

उन्होंने बताया कि परीक्षा पे चर्चा 2024 के लिये पंजीकरण की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है एवं अंतिम तिथि 12 जनवरी 2024 रखी गई है। विद्यार्थी अपने डर को दूर करने और त्योहारों की तरह परीक्षा मनाने का मंत्र जाने इसके लिये माय गव वेबसाईट पर पंजियन कर सकते हैं। प्रधानमंत्री जी माता-पिता और शिक्षकों के साथ भी बातचीत करेंगे। प्रतियोगिता के माध्यम से चुने गये छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों को शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार द्वारा पी पी सी किट उपहार में दी जायेगी। यह प्रतियोगिता कक्षा 6 वी से 12 वी तक के स्कूली छात्रों के लिये है। छात्र प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी को अधिकतम 500 शब्दों में अपना प्रश्न भी प्रस्तुत कर सकते हैं। छात्रों के लिए विषय हमारी आजादी के नायक, हमारी संस्कृति हमारा गर्व, मेरी प्रिय किताब, आने वाली पीढ़ियों के लिये पर्यावरण सुरक्षा, अच्छा स्वास्थ्य क्यों जरूरी है, मेरा स्टार्टअप का सपना, सीमाओं के बिना शिक्षा, विद्यालय में सीखने के लिए खिलौने और खेल निर्धारित हैं।

### छात्रों के लिए दिशा-निर्देश

प्रतियोगिता में 6 वी से 12वीं तक के स्कूली छात्र भाग ले सकते हैं। माईगव प्लेटफॉर्म पर पंजीकरण कर प्रतियोगिता में भाग ले सकते हैं। छात्र केवल एक थीम में भाग ले सकते हैं। छात्रों को प्रत्येक गतिविधि के लिए उल्लिखित शब्द सीमा से अधिक नहीं लिखना चाहिए। छात्रों को ऐसी प्रतिक्रियाएँ प्रस्तुत करनी चाहिए जो मौलिक, रचनात्मक और सरल हों। प्रधानमंत्री से प्रश्न 500 शब्दों से अधिक नहीं होने चाहिए। प्रविष्टि में किसी भी तरह की उत्तेजक, आपत्तिजनक या अनुचित सामग्री नहीं होनी चाहिए। प्रतियोगी द्वारा सबमिट की गई सभी प्रविष्टियों का उपयोग शिक्षा मंत्रालय और माईगव द्वारा सोशल मीडिया या वेबसाइट पर या किसी अन्य रूप में किया जा सकता है जिसकी आवश्यकता हो सकती है। प्रत्येक विजेता को निदेशक, एनसीईआरटी द्वारा प्रशस्ति पत्र दिया जाएगा।

**शिक्षक लॉगिन के माध्यम से छात्रों की भागीदारी:** जिन छात्रों के पास इंटरनेट, ईमेल आईडी या मोबाइल नंबर नहीं है, वे ''शिक्षक के माध्यम से भागीदारी'' विकल्प के जरिए पीपीसी 2024 में हिस्सा ले सकते हैं। एक शिक्षक लॉगिन के जरिए एक या एक से अधिक छात्रों (एक समय में एक) की प्रविष्टियों का सही विवरण जमा करने में सक्षम होंगे। शिक्षक के माध्यम से भागीदारी वाले टैब पर क्लिक कर शिक्षक अपने द्वारा सबमिट सभी प्रविष्टियों की स्थिति देख सकेंगे।

# लोककलाओं की प्रस्तुति देख झूमे विदेशी मेहमान-लोक रंजन भ्रमण कार्यक्रम में हुए आनंद विभोर

**सीधी।** गुदुम बाजा की ढुम-ढुम के बीच आदिवासी लोकगीतों ने सोमवार को कला ग्राम रामपुर में ऐसा समा बांधा कि अमेरिका, स्वीडन, नेपाल, बांग्लादेश से आए विदेशी मेहमान भी झूमने लगे। विदेशी मेहमानों के साथ ही देश के अलग-अलग राज्यों से आए फिल्मकार और आर्टिस्ट भी खुद को नहीं रोक पाए। लोक कलाकारों के साथ भी उन्होंने भी खूब आनंद लिया। मौका था, विंध्य फिल्म फेस्टिवल के समापन के बाद सीधी लोक रंजन भ्रमण कार्यक्रम का। सोमवार सुबह 8 बजे करीब 80 लोगों का जत्था सीधी से इंद्रावती लोक कला ग्राम बकवा के लिए निकल पड़ा।



इस यात्रा कार्यक्रम के बीच में कई और भी अहम पड़ाव तय थे। युवाओं का जत्था पहले रामपुर पहुंचा, जहां रामपुर में अतिथियों का फूल और चंदन से स्वागत हुआ। इसके बाद राजभान साहू और सोनिया साकेत के संयोजन में काली खप्पर नृत्य और अहिराई नृत्य दिखाया गया। लोग मोहित होकर इस दृश्य को अपने मोबाइल और कैमरे में कैद करने लगे। दूसरा पड़ाव था-गांधीग्राम, जहां पहुंच कर जनजातीय स्वतंत्रता सेनानी बांके बैगा उर्फ बंका की मूर्ति में माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। इस मौके पर बंका बैगा के प्रपौत्र भी मौजूद रहे और गौरवान्वित महसूस किया। यहां अंशु बैगा ने ग्रामवासियों के साथ अतिथियों को टीका लगाकर स्वागत किया। गोंडी लाठी नृत्य और सैला नृत्य का प्रदर्शन इस कला यात्रा के तीसरे पड़ाव कोचिला ग्राम पहुंचने पर हल्दी चावल का टीका लगाकर ग्रामवासियों ने अतिथियों का स्वागत किया गया। यहां बृजराज सिंह और जवाहर लाल सिंह के संयोजन में गोंडी लाठी नृत्य व गोंडी सैला नृत्य का प्रदर्शन किया गया। कोचिला से यात्रा बढ़ी, इंद्रावती लोक कला ग्राम बकवा। यहां भी पंच कन्याओं ने कलश लेकर अतिथियों की अगुवाई की और गाजे-बाजे के बीच दीपक आरती करते हुए चंदन टीका लगाकर आवभगत किया गया।

### बकवा में लोक कलाकारों संग झूमे मेहमान

यहां सांस्कृतिक कार्यक्रम के तहत नन्हे घासी, रावेंद्र सिंह, छोटेलाल साकेत, बुद्धसेन यादव और बंशलाल घासी के संयोजन में पहली प्रस्तुति सैला नृत्य की हुई। और फिर इसके बाद करमा नृत्य, अहिराई लाठी नृत्य, चमरौहीं नृत्य की प्रस्तुति हुई। इसके बाद यहां गुदुम बाजा की शानदार प्रस्तुति हुई। सभी लोक कलाकारों ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुति दी और अतिथियों का मन मोह लिया। मेहमानों ने भी यहां खूब कमर हिलाया। खासकर विदेशी मेहमानों के लिए ये पहला अवसर था, जब वे इन लोक कलाओं से वाकिफ हो रहे थे। प्रस्तुति देख सभी हतप्रभ थे। इस लोक भ्रमण कार्यक्रम में बतौर अतिथि अमेरिका से रिचार्ड सिल्वर, न्यूयार्क सिटी से हेजेल गुरलैण्ड पूलर जैकब और लिली, स्वीडन से ऐना, नेपाल से सोनम थापा, बांग्लादेश से शहादत सगोर शामिल हुए। शेष पेज 7 पर...

# उन्नीसवें नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन कल होगा

**सीधी।** ऋषिकेश फाउंडेशन के प्रवक्ता ने एक जानकारी मे बताया है की हर माह की भाँति इस माह भी ऋषिकेश फ़ाउंडेशन द्वारा 10 जनवरी को ऋषिकेश आश्रम बड़ा बांध हनुमानगढ़ में नि:शुल्क नेत्र परीक्षण सह चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जाना है। पिछले डेढ़ वर्षों से निरंतर इन शिविरों के माध्यम से अभी तक चार सौ से अधिक जरूरतमंद नेत्र रोगियों का सफल एवं नि:शुल्क मोतियाबिंद आपरेशन किया जा चुका है। इसी के साथ- साथ शिविर के माध्यम से हज़ारों मरीज़ अन्य चिकित्सा लाभ प्राप्त कर चुके हैं। ऋषिकेश फ़ाउंडेशन द्वारा 10 जनवरी दिन बुधवार को आयोजित शिविर में अधिक से अधिक जरूरतमंद जनों से पहुँचने हेतु ऋषिकेश फ़ाउण्डेशन के सेवादारों द्वारा ज़रूरतमंद जनों तक नि:शुल्क नेत्र शिविर की सूचना पहुँचा कर शिविर मे पहुंचने की अपील की गई है।



# आरटीओ को टैक्सी यूनियन के पदाधिकारियों ने दिया ज्ञापन

## बेपरमिट चल रही टैक्सी पर कार्यवाई की मांग



**सिंगरौली।** टैक्सी यूनियन के पदाधिकारियों ने जिला परिवहन अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर सिंगरौली के सभी थाना क्षेत्रो में संचालित डग्गामार वाहनों नॉन टैक्सी पर कार्रवाई करने मांग की है। बताया गया है कि विंध्यनगर, वैढ़न, बरगवां सिंगरौली जयंत, थाना क्षेत्रो में सैकड़ों की तादाद में ऐसे वाहन टैक्सी का काम कर रहे हैं, जिनके पास टैक्सी में चलने के लिए अधिकार नहीं है, अर्थात गाड़ी प्राइवेट नंबर है। कई वाहन तो ऐसे भी है जिनका नंबर भी यहां का नहीं है, ना ही यहां रजिस्टर्ड है। उत्तर प्रदेश विहार, झारखंड वेस्ट बंगाल से गाड़िया लाकर यहां अवैध तरीके से संचालित कर रहे हैं, जिनके ड्राइवरों का लाइसेंस भी कमर्शियल नहीं है, कईयों के पास तो लाइसेंस भी नहीं है। इनके हौसले इतने बुलंद हैं की ये सार्वजनिक स्थानों बैढन बस स्टैंड, विंध्यनगर शिवाजी काम्प्लेक्स, जयंत गोल मार्केट, सिंगरौली नगर निगम काम्प्लेक्स, सिंगरौली रेलवे-स्टेशन जैसे जगहों पर निर्भीक खड़े होकर सवारियों को उठाते हैं। जिसमें लाखो रुपए का राजस्व नुकसान होने का अनुमान है। जिनके पास टैक्सी गाड़ियां है वह लोग राज्य सरकार को प्रतिवर्ष टैक्स अदा करते हैं, इनके अलावा भी अप्रत्यक्ष रूप से इंसुरेंस, परमिट,ड्राइवर अन्य कई माध्यमों से राज्य सरकार को टैक्स देते हैं। जबकि प्राइवेट नंबर गाड़ी को कुछ भी देना नहीं होता, इसलिए वह अपना किराया कम कर कर मनमाने रेट पर सवारी ढ़ो रहे है। टैक्सी यूनियन ने जिले में अवैध रूप से संचालित टैक्सी की जांच कर कार्यवाही की मांग किया है।

# जिले के गांवों में पहुंच रही विकसित भारत संकल्प यात्रा

## प्रधानमंत्री ने हितग्राहियों से किया संवाद





### जनकल्याणकारी योजनाओं से शतप्रतिशत हितग्राहियों को लाभान्वित करने का अभियान जारी

**सीधी।** जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में 16 दिसंबर से विकसित भारत संकल्प यात्रा आयोजित की जा रही है। विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत सोमवार को जनपद पंचायत सिहावल अंतर्गत बरवन्धा एवं कुसेड़ा में, कुसमी अंतर्गत भुइमाड़ एवं गैवटा में, मझौली अंतर्गत सिलवार एवं गिजवार में, सीधी अंतर्गत कठास, सतनरा पवाई, बहेरा पश्चिम एवं महाराजपुर में तथा रामपुर नैकिन अंतर्गत कपुरी बदौलियान, डढ़िया, दुअरा एवं अकौरी में ग्रामीणवासियों को केंद्र और राज्य शासन की कल्याणकारी योजनाओं और कार्यक्रमों के बारे में जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने जानकारी दी।

इसके साथ ही समारोह में हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं से हितलाभ का वितरण किया गया। आज के कार्यक्रम में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के कार्यक्रम का सीधा प्रसारण आईईसी वैन के माध्यम से दिखाया गया। प्रधानमंत्री द्वारा विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों से संवाद कर उनके जीवन में आए सकारात्मक परिवर्तनों के विषय में जाना गया। उन्होंने कहा कि इस यात्रा का उद्देश्य जन-जन तक योजनाओं की जानकारी पहुंचाना तथा शत प्रतिशत हितग्राहियों को योजना से लाभान्वित करना है। आज के समय में जानकारी ही सबसे बड़ी ताकत है। आज के नागरिक पूरी तरह से जागरूक हैं और उसके परिणाम भी देखने को मिल रहे हैं। प्रधानमंत्री जी द्वारा लोगों से आह्वान किया गया है कि न केवल वह स्वयं योजनाओं का लाभ लें साथ ही अन्य पात्र हितग्राहियों की भी मदद करें जिससे कोई भी पात्र व्यक्ति हितलाभ से वंचित नहीं रहे।

मोदी की गारंटी प्रचार वाहन से प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वनिधि योजना, जनधन योजना, अटल पेंशन योजना, सहित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई। शिविर में हितग्राहियों के आवेदन पत्र भरवाए गए। इनमें मुद्रा योजना, अटल पेंशन योजना के हितग्राही शामिल हैं। शिविर के साथ स्वास्थ्य विभाग द्वारा हेल्थ कैंप आयोजित कर ग्रामीणजनों का स्वास्थ्य परीक्षण कर दवाओं का वितरण किया गया। राजस्व विभाग एवं कृषि विभाग ने स्टाल लगाकर विभागीय योजनाओं की जानकारी दी। कार्यक्रम में उपस्थितजनों को विकसित भारत के निर्माण में सहभागी बनने की शपथ भी दिलाई गई। कार्यक्रम में योजनाओं के लाभ प्रदान करने के अलावा जनहितैषी योजनाओं व विकास कार्यों से संबंधित समस्याओं व शिकायतों का निराकरण भी किया गया। नागरिकों ने प्रचार वाहन के साथ सेल्फी स्टैण्ड में सेल्फी और फोटो भी खिंचवाई।

कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों तथा गणमान्य नागरिकों द्वारा सहभागिता की जा रही है। इस अवसर पर हितग्राहियों को हितलाभ वितरण के साथ-साथ उत्कृष्ट कार्य करने वाले नागरिकों को सम्मानित और प्रोत्साहित किया जा रहा है।

राज्यसभा सांसद अजय प्रताप सिंह द्वारा कपुरी बदौलियान और दुअरा में, विधायक सीधी रीती पाठक द्वारा कठास एवं महाराजपुर में, विधायक सिहावल विश्वामित्र पाठक द्वारा कुसेड़ा में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा में हितग्राहियों को हितलाभ वितरण के साथ-साथ उत्कृष्ट कार्य करने वाले नागरिकों को सम्मानित और प्रोत्साहित किया गया। इसी प्रकार जनपद अध्यक्ष सीधी धर्मेंद्र सिंह परिहार, जिला पंचायत सदस्य पूजा सिंह कुशराम, हीराबाई सिंह, प्रदीप शुक्ला, अपर कलेक्टर राजेश शाही सहित अन्य जनप्रतिनिधियों तथा अधिकारियों द्वारा संकल्प यात्रा में सहभागिता की गई।

# छात्रवृत्ति के सभी पोर्टल अतिशीघ्र प्रारंभ कराने विद्यार्थी परिषद् ने किया प्रदर्शन



### उच्च शिक्षा मंत्री के नाम प्राचार्य को सौंपा ज्ञापन

**सीधी।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद सीधी द्वारा आज जिले के अग्रणी महाविद्यालय संजय गांधी महाविद्यालय में छात्रवृत्ति से संबंधित समस्या को लेकर प्रदर्शन किया एवं प्राचार्य को उच्च शिक्षा मंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। प्रदेश के डेढ़ लाख से अधिक विद्यार्थी आज छात्रवृत्ति संबधी विभिन्न प्रकार की योजनाएं बंद होने के कारण प्रभावित हो रहें है। छात्रवृति का पोर्टल ठप होने के कारण इस वर्ष प्रवेश लेने विद्यार्थियों को पोस्टमेट्रिक छात्रवृत्ति, आवास, गाँव की बेटी योजना, प्रतिभा किरण योजना का लाभ नही मिल रहा है ।आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग का विद्यार्थी जो छात्रवृत्ति संबधित योजनाओं के माध्यम से महाविद्यालय में प्रवेश लेते है अब उन विद्यार्थियों को आर्थिक चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है।

अभाविप ने बताया कि बजट व तकनीकी खराबी का हवाला ना देते हुए छात्रहित में निर्णय कर सरकार तत्काल रूप से छात्रवृत्ति के सभी पोर्टल प्रारंभ करें ताकि ग्रामीण व आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों को योजनाओं का लाभ मिले। संबल, पोस्टमेट्रिक,एनएसपी जैसी छात्रवृत्ति योजनाओं के सहारे ही उच्च शिक्षा में विद्यार्थी वर्ग का नामांकन प्रतिशत प्रति वर्ष बढ़ता है ।ऐसे में 6 माह से छात्रवृत्ति के पोर्टल बंद होना उच्च शिक्षा की नाकामी दर्शाता है।

साथ ही शैक्षणिक व्यवस्थाओं के प्रति विद्यार्थी वर्ग का विश्वास भी घटता है। अभाविप के कार्यकर्ताओं ने बताया कि छात्रवृत्ति के माध्यम से विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा प्राप्त करने में प्रत्यक्ष, अप्रत्यक्ष रूप से सहायता प्राप्त होती है जिससे अध्ययन, आवागमन, परीक्षा शुल्क जमा करने आदि में कई हद तक छात्रवृत्ति का सहारा होता है एवं प्रदेश के हर महाविद्यालय के विद्यार्थी छात्रवृति ना मिलने के कारण अनेक कष्ट सह रहे हैं। प्रदेश सरकार उच्च शिक्षा के सुधार व सुव्यवस्थित ढंग से चलाने के लिए छात्रवृत्ति के सभी पोर्टल को और देर ना करते हुए तत्काल रूप से प्रारंभ करना चाहिए।

शेष पेज 7 पर...

# जिले में थाना/चौकी क्षेत्र के युक्ति-युक्तिकरण के संबंध में पुलिस अधीक्षक की अपील

**सीधी।** प्रदेश में नये जिलो के गठन होने के पश्चात थाना/चौकी मुख्यालय के दूसरे थाने/चौकी में चले जाने के कारण कुछ गांवों की दूरी थाने/चौकियों से अधिक हो गई है जिस कारण जन सामान्य को थाना/ चौकी पहुचने में समस्यायों का सामना करना पड़ता है। डॉ. रविन्द्र वर्मा पुलिस अधीक्षक सीधी द्वारा सीधी जिले में गठित थाने एवं चौकियों की सीमा निर्धारण हेतु जिला वासियों से सुझाव चाहा गया है कि यदि जन सामान्य कोई सुझाव देना चाहते है कि आम जनमानस को थाना/चौकी से दूरी अथवा अन्य कोई समस्या हो तो अपने थाने/चौकी क्षेत्र के सीमा/अधिकार क्षेत्र के पुर्ननिर्धारण की प्रक्रिया हेतु सुझाव मोबाईल नंबर 9479998803 पर या संबंधित थाने/चौकी में लिखित सुझाव भी दे सकते है।

# हाईस्कूल सोनगढ़ के बच्चों को कराया जंगल भम्रण, अनुभूति कार्यक्रम संपन्न





**भुईमाड़।** सीधी जिले के आदिवासी विकासखंड कुशमी के वनपरिक्षेत्र के भुईमाड़ के द्वारा हाईस्कूल सोनगढ़ के छात्रों को जंगल भ्रमण कराया गया, मास्टर ट्रेनर सुरेश सिंह परिहार व सहायक मास्टर ट्रेनर अश्विनी कुमार पटेल के द्वारा बच्चों को जंगल के बारे मे बताया गया, जंगली जानवरों के बारें मे बताया गया, भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों को प्राकृतिक तथा वन एवं वन्य प्राणी एवं पर्यावरण के माध्यम तथा संरक्षण व संवर्धन प्रबंधन के बारे में समझाते हुए जानकारी दी गई, कार्यक्रम बाबा महाराज देवरी मे आयोजित किया गया था, साथ ही बच्चों के लिए भोजन की भी व्यवस्था की गई थी। इस मौके पर मास्टर ट्रेनर सुरेश सिंह परिहार व सहायक मास्टर ट्रेनर अश्वनी कुमार पटेल, उप वन क्षेत्र पाल जगन लाल वर्मा, वनपाल लाल बहादुर पनिका,एवं हरी प्रसाद कोल, वनरक्षक छबिलाल प्रजापति,श्यामलाल चर्मकार, विजय सिंह बघेल, अनिल सिंह,शुक्रदेव साकेत, कंम्प्यूटर आपरेटर अमित सेन सहित वन विभाग के स्टाफ के साथ समाजसेवी विजय तिवारी व हाईस्कूल के शिक्षक शिक्षिका व 120 छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

# 233 लोगों का नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा एवं मोतियाबिंद ऑपरेशन किया गया

**बैढन।** गीतांजलि वेलफेयर सोसाइटी द्वारा संचालित मिश्रा पॉली क्लिनिक एवं नर्सिंग होम, बैढन में मोतियाबिंद का नि:शुल्क ऑपरेशन का अभियान निरंतर चलाया जा रहा है । अंधत्व निवारण के इस कार्यक्रम में अब तक 223 लोगों का नि:शुल्क मोतियाबिंद का ऑपरेशन कराया जा चुका है।

मिश्रा पॉली क्लिनिक एवं नर्सिंग होम, बैढन के प्रबंध संचालक एवं गीतांजलि वेलफेयर सोसाइटी के सचिव ने बताया कि गीतांजलि वेलफेयर सोसाइटी जिले में अंधत्व निवारण एवं मोतियाबिंद के ऑपरेशन हेतु पिछले 6 वर्षों से लगातार इस क्षेत्र में कार्य कर रही है जिसके अंतर्गत अभी तक गत वर्षों में कई हजार लोगों को नेत्र ज्योति प्रदान की जा चुकी है। इस वर्ष यह अभियान निरंतर जारी रहेगा जिसमें लाभार्थी को आधार कार्ड, वोटर आई डी कार्ड अथवा समग्र आई डी लेकर आना होता है। चयनित व्यक्तियों का ऑपरेशन, दवाई, चश्मा, भोजन एवं आना तथा जाना सभी कुछ नि:शुल्क प्रदान किया जाता है।



शेष पेज 7 पर...

# प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन की बैठक सम्पन्न

**सीधी।** प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसियेशन जिला शाखा सीधी की बैठक 08 जनवरी को सुभाष नगर वार्ड क्रमांक 2 के दुर्गा मंदिर के प्रांगण में देवीचरण शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित हुई। सर्व प्रथम संघ की ओर से दुर्गा देवी हनुमान जी भगवान एवं शंकर भगवान को अगरबत्ती एवं श्रीफल, मिष्ठान अर्पित कर प्रदान वितरण किया जाकर बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ की गई। 31 अक्टूबर 23 को भोपाल में आयोजित बैठक की कार्यवाही के सम्बन्ध में अध्यक्ष श्री शर्मा द्वारा सभी पेंशनर्स को जानकारी दी गई तथा पेंशनर्स के लम्बित स्वत्वों के सम्बन्ध में विस्तार से चर्चा की गई। शासन द्वारा पेंशनर्स को 6वें वेतनमान, 7वें वेतनमान एवं जनवरी माह से देय डी.ए. एवं जुलाई माह से देय डी.ए. समय पर नहीं भुगतान करने के बारे में भी सभी पेंशनर्स को अवगत कराया गया एवं श्री अवधलाल विश्वकर्मा सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी के द्वारा शासकीय सेवा से सेवा निवृत्त होकर प्रोग्रेसिव पेंशनर एसोसिएशन में सदस्यता ग्रहण की गई।



उपस्थित सभी पेंशनर्स ने उन्हें बधाई दी। पेंशनर्स स्व0 ददई प्रसाद दुवे एवं स्व0 यादवेन्द्र सिंह चैहान को 2 मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। आज की बैठक में आर.एन. गुप्ता, वीरेन्द्र कुमार द्विवेदी, उदयभान सिंह सेंगर, जगदीश प्रसाद द्विवेदी, अरूण कुमार मिश्रा, राम सुन्दर शुक्ला, आर.पी. नवैत, के.डी. साकेत, हनुमान प्रसाद पाण्डेय, शिवशंकर सिंह, वंश गोपाल गुप्ता, एस.पी. द्विवेदी, शिवराज सिंह परिहार, तेजा प्रसाद पटेल, ललन प्रसाद भट्ट, प्रेमनाथ द्विवेदी, विश्वनाथ सिंह चैहान, नागेश्वर प्रसाद पाण्डेय, बाबूलाल कोल, अम्बिका प्रसाद मिश्रा, बृजेन्द्र प्रसाद पाण्डेय, रामानुज प्रसाद पटेल, राजराखन चैबे, राजेश्वर प्रसाद द्विवेदी, ए.पी. सिंह, कन्हैया लाल दीक्षित, इन्द्रबली सिंह आदि उपस्थित रहे।

# हेलमेट एवं सीट बेल्ट के बिना उपयोग के नहीं मिलेगा डीजल- पेट्रोल

## पुलिस अधीक्षक ने ली पेट्रोल पम्प संचालको की बैठक, दिये निर्देश

**सीधी।** पुलिस द्वारा दिनांक 1 जनवरी से 15 जनवरी तक चलाये जा रहे यातायात सड़क सुरक्षा पखवाड़ा जागरूकता कार्यक्रम के तहत पुलिस अधीक्षक डॉ. रविंद्र वर्मा द्वारा आज पुलिस अधीक्षक सभागार में जिले के समस्त पेट्रोल पंप संचालको के साथ स्वयं की अध्यक्षता में बैठक की गई। बैठक में उच्च न्यायालय द्वारा जारी निर्देशो से अवगत कराते हुये निर्देश दिये गये कि बिना हेलमेट एवं सीट बेल्ट वाहन चालन कर रहे चालको को डीजल -पेट्रोल न दें। साथ ही इस हेतु लोगो को जागरूक करने हेतु अपने-अपने पेट्रोल पंप पर एक फ्लैक्स लगवाये जिसमें दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट एवं चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट लगाना अनिवार्य है। बिना हेलमेट एवं सीट बेल्ट वाहन वाहन चालको को पेट्रोल-डीजल नही दिया जायेगा। प्रत्येक पेट्रोल पंप पर 24 घंटे आर्म्स गार्ड होना अनिवार्य हो। प्रत्येक पेट्रोल पंप में सीसीटीव्ही कैमरे अच्छे क्वाल्टी के हो जिनसे व्यक्ति की पहचान की जा सके और उनको बीच-बीच में आपके द्वारा चेक किया जाय। ग्रामीण क्षेत्रो के पेट्रोल पंपों में रात के समय ज्यादा राशि न रखे। पेट्रोल पंप मे रखे जाने वाले गार्डो का विधिवत वेरीफिकेशन कराये व उनकी बैक हिस्ट्री भी चेक करे। सभी पेट्रोल पंप संचालको के पास संबंधित थाना प्रभारी जिला कन्ट्रोल रूम का नम्बर होना चाहिए साथ ही संबंधित थाना प्रभारियों एवं पुलिस कन्ट्रोल रूम का नंबर चस्पा होना चाहिये।



शेष पेज 7 पर...

### 330 वाहन चालकों के काटे गए चालान



पुलिस अधीक्षक डॉ. रविन्द्र वर्मा के निर्देशन में दिनांक 7 जनवरी को यातायात नियमो का पालन न करने वाले वाहन चालको के विरूद्ध सीट बेल्ट ना लगाने वाले 85 वाहन चालकों पर चालानी कार्यवाही कर 43000 रूपये, बिना हेलमेट धारण किये वाहन चालन करने वाले 210 चालको पर कार्यवाही कर वसूले 63200 रूपए वसूले गए। वहीं 35 अन्य के विरूद्ध चालानी कार्यवाही कर 24000 रूपये समन शुल्क वसूला गया। दिनांक 7 जनवरी को सीधी पुलिस द्वारा चालानी कार्यवाही करते हुये कुल 330 वाहन चालकों से 1 लाख 30 हजार 200 रूपये समन शुल्क वसूला गया।

सम्पादक, प्रकाशक तथा मुद्रक-पद्मधर पति त्रिपाठी द्वारा अधिकार प्रेस ( आफसेट प्रिन्टर्स ) नियर विकास भवन सीधी-486661 मध्यप्रदेश से मुद्रित कर ''समय'' प्रेस भवन, नियर विकास भवन सीधी-486661 मध्यप्रदेश से प्रकाशित।
संस्थापक -स्व.कार्तिकेय पति त्रिपाठी दूरभाष-सम्पादकीय-07822-252343, विज्ञापन-9303809000 फैक्स- 07822-356081 आरएनआई. पंजीयन क्र.- 6137/59, स्थानीय संपादक -कुशाग्र पति त्रिपाठी